सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-347, पृष्ठ : 12 | गुरुवार, 26 जून, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

### पाक-चीन को करारा जवाब

## साझा बयान पर भारत का साइन से इनकार

### शांति-समृद्धि और आतंकवाद साथ नहीं चल सकते : राजनाथ



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज चीन में एससीओ बैठक में संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए सीमा पार आतंकवाद का मुद्दा उठाया। रक्षा मंत्री ने इस दौरान सदस्य देशों से ऐसे कृत्यों के दोषियों को न्याय के दायरे में लाने की अपील करते हुए भारत के आतंकवाद विरोधी रुख पर जोर दिया। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि एससीओ बैठक में संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख कमजोर हो जाएगा क्योंकि इसमें पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र तक नहीं किया गया जिसमें 22 अप्रैल को 26 लोग मारे गए थे।

**राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पर साधा निशाना**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि आतंकवाद के दोषियों, वित्तपोषकों व प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और इससे निपटने में दोहरा मापदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन में अपने संबोधन में सिंह ने कहा कि कुछ देश आतंकवादियों को पनाह देने के लिए सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल नीतिगत साधन के रूप में कर रहे हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा, हमारे क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौतियां शांति, सुरक्षा और विश्वास की कमी से संबंधित हैं। उन्होंने कहा, और इन समस्याओं का मूल कारण बढ़ती कट्टरता, उग्रवाद और आतंकवाद है। सिंह ने कहा कि शांति-समृद्धि और आतंकवाद साथ नहीं चल सकते। उन्होंने कहा कि सरकार से इतर तत्वों और आतंकवादी समूहों के हाथों में सामूहिक विनाश के हथियार सौंपने से शांति कायम नहीं रह सकती। रक्षा मंत्री ने कहा, इन चुनौतियों से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है और हमें अपनी सामूहिक सुरक्षा के लिए इन बुराइयों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा।

## अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला का 'नमस्कार'

### कहा- ऐसा लग रहा जैसे बच्चे की तरह चलना सीख रहा हूं



**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष से अपने पहले कॉल में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने बुधवार के प्रक्षेपण के अनुभव को याद किया। उस पल को ताजा करते हुए इस अनुभव को अवर्णनीय बताया। अंतरिक्ष से 'नमस्कार' के साथ अभिवादन करते हुए शुभांशु शुक्ला ने कहा कि उन्हें शून्य गुरुत्वाकर्षण की आदत हो रही है। उन्होंने कहा, 'मैं अभी भी शून्य गुरुत्वाकर्षण की आदत डाल रहा हूं, जैसे कोई बच्चा चलना सीख रहा हो, यह पता लगा रहा हो कि कैसे आगे बढ़ना है और खुद को संभालना कैसे है। मैं वास्तव में हर पल का आनंद ले रहा हूं। शुभांशु शुक्ला ने पृथ्वी की कक्षा में अपने अनुभव को अवास्तविक और मजेदार बताया।

लाइव कॉल में शुभांशु शुक्ला ने यह भी कहा कि यह मिशन भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम और आगामी गगनयान मिशन के लिए एक मजबूत कदम है। भारतीय तिरंगा देखकर मुझे याद आया कि आप सभी इस यात्रा में मेरे साथ हैं।

## उधमपुर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

**उधमपुर।** जिले के बसंतगढ़ इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर रखा है। दोनों तरफ से फायरिंग हो रही है।

जानकारी के मुताबिक, बसंतगढ़ इलाके में आंतकियों के देखे जाने की सूचना पर सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकियों ने खुद को घिरा देख सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है।

राजोरी के नियंत्रण रेखा के केरी सेक्टर के बारात गाला क्षेत्र में मंगलवार को आतंकवादियों के घुसपैठ करने के प्रयास के बाद बुधवार को भी सेना ने लगातार क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। लगातार दूसरे भारतीय सेना के जवानों ने इलाके की घेराबंदी करके खोजी कुत्तों और ड्रोन की मदद से जगह-जगह खंगाला।

## रूद्रप्रयाग में टेंपो-ट्रेवलर नदी में गिरा

### एक ही परिवार के 17 लोग थे सवार, दो की मौत, कई लापता



**रुद्रप्रयाग।** जनपद में आज सुबह ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर घोलतीर के समीप एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बदरीनाथ दर्शन के लिए जा रहे यात्रियों का एक टेंपो-ट्रेवलर अनियंत्रित होकर सीधे अलकनंदा नदी में जा गिरा। वाहन में चालक सहित 19 लोग सवार थे। 17 लोग एक परिवार के थे।

हादसे की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। राजस्थान के उदयपुर से एक परिवार के 17 लोग इस वाहन चारधाम यात्रा पर निकले थे। जो केदारनाथ दर्शन के बाद आज सुबह बदरीनाथ दर्शन के लिए निकले थे। हादसे की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। तीन गंभीर घायलों को एयर लिफ्ट किया गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि अब तक नौ लोगों को रेस्क्यू किया गया है, जिनमें दो की मौत हो चुकी है। मृतकों में एक महिला भी शामिल है। आठ घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा गया है। घायलों में कई छोटे बच्चे भी हैं। जबकि दस लोग लापता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के वक्त तीन लोग वाहन से बाहर छिटककर गिर गए, जिन्हें गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं वाहन के अन्य यात्री नदी की तेज धार में बह गए।

**सीएम धामी ने जताया गहरा दुख**

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जनपद रुद्रप्रयाग में एक टेंपो ट्रैवलर के नदी में गिरने का समाचार अत्यंत दुःखद है। एसडीआरएफ सहित अन्य बचाव दलों द्वारा युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में निरंतर स्थानीय प्रशासन से संपर्क में हूं। सभी के सकुशल होने की प्रार्थना करता हूं।



# कहीं बादल फटे तो कहीं भूस्खलन

## पहाड़ पर बारिश का कहर, गुजरात और राजस्थान में भी बाढ़ जैसे हालात





**नई दिल्ली।** हिमाचल के कुल्लू और धर्मशाला जिलों में पांच जगह बादल फटने से आई बाढ़ में दो लोगों की मौत हो गई है और 11 लोग लापता हैं। आठ गाड़ियां, 10 पुलिया बह गई हैं और एक बिजली परियोजना को भी नुकसान पहुंचा है। उत्तराखंड में केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर भारी भूस्खलन हुआ है। चीन सीमा जोड़ने वाली सड़क पर मलबा आने से यातायात ठप हो गया है।

दक्षिण-पश्चिम मानसून पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में कहर बरपा रहा है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में जोरदार बारिश हो रही है। वहीं, दूसरी ओर दिल्ली और उत्तर प्रदेश में लोग अभी भी टकटकी लगाए मानसून की राह ताक रहे हैं। मौसम विभाग भी रोज मानसून के आने की भविष्यवाणी कर रहा है लेकिन बादल हैं कि बिन बरसे ही उड़ जा रहे। अब एक बार फिर मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि आज दिल्ली और पूरे उत्तर प्रदेश में मानसून आ सकता है जिससे बारिश होगी और गर्मी से जूझते लोगों का इंतजार खत्म होगा।

मिनिस्ट्री ऑफ अर्थ साइंसेज ने उत्तराखंड के आठ राज्यों में तेज बारिश के साथ ही बाढ़ की चेतावनी जारी की है। कहा गया है कि टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, देहरादून, नैनीताल, चंपावत, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में गुरुवार सुबह पांच बजे तक बाढ़ की आशंका है। जिसके बाद उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने संबंधित जिलों को चेतावनी भेजते हुए सचेत रहने के लिए कहा है। मौसम विज्ञान विभाग की ओर से देहरादून, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर एवं नैनीताल में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में भारी वर्षा के साथ ही तेज दौर की हवाएं चलने के आसार हैं। इसके अलावा उत्तराखंड के अन्य जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**राजस्थान में भी बाढ़ जैसे हालात**

राजस्थान में भी मानसून सक्रिय हो गया है। बीते 24 घंटों में राज्य में भारी बारिश हुई है। सबसे अधिक 180 मिमी बारिश बारां जिले के मांगरोल में दर्ज की गई। कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। निचले इलाकों में पानी भर गया है। मौसम विभाग ने 25 से 27 जून के दौरान बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर और उदयपुर में तेज हवाओं के साथ अत्यधिक बारिश की चेतावनी दी है। 27 जून से पूर्वी राजस्थान में भी बारिश में वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की है।

**गुजरात के कई जिलों में भारी बारिश का रेड और ऑरेंज अलर्ट**

गुजरात के कई जिलों में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात हैं। नवसारी समेत कई जिलों में गुरुवार को भी भारी बारिश हुई। पिछले 24 घंटों में मानसूनी बारिश से कई इलाकों में जलभराव हो गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। नर्मदा और तापी जिलों में मूसलाधार बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। गुजरात के दाहोद, छोटा उदयपुर, भरूच, सूरत, डांग, नवसारी, वलसाड और दमन, दादरा नगर हवेली जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अरावली, पंचमहल, महिसागर और वडोदरा जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। सौराष्ट्र-कच्छ के अमरेली, भावनगर में भारी बारिश होगी।



तेलंगाना के हैदराबाद में शराब के नशे में धुत महिला ने रेलवे ट्रैक पर कार दौड़ा दी। रेल अधिकारियों ने ट्रैक पर कार देखी तो उनके होश उड़ गए। अधिकारियों ने महिला को रोकने की कोशिश की तो उसने कार की स्पीड बढ़ा दी। ऐसे में रेलवे के अधिकारियों ने भी कुछ दूर तक कार का पीछा करने के बाद हार मान ली।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित
**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**
**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**
**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**
E MAIL newsnextindia1@gmail.com
Website:-www.nnindianews.com
**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

## अब परीक्षा पास करने वाले अफसर ही कर सकेंगे चुनावी ड्यूटी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में परीक्षा में फेल निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) चुनाव ड्यूटी से हटाए जाएंगे। अभी तक 403 में से 398 ईआरओ की परीक्षा हो चुकी है। उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक, इनमें से 3-4 फीसदी ईआरओ परीक्षा में फेल हो चुके हैं। इन्हें परीक्षा देने का एक और मौका मिलेगा। उसमें भी फेल हो गए तो इन्हें ईआरओ की जिम्मेदारी से हटाने के लिए रिपोर्ट चुनाव आयोग को भेजी जाएगी।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में संशोधन की जिम्मेदारी मुख्य रूप से ईआरओ की होती है। एसडीएम स्तर के अधिकारी ईआरओ बनाए जाते हैं। चुनाव आयोग के निर्देश पर इन अधिकारियों को पहली बार तीन अलग-अलग तिथियों 17 जून, 19 जून और 25 जून को ट्रेनिंग दी गई। इन तिथियों में क्रमशः 124, 130 और 144 ईआरओ ने ट्रेनिंग ली। प्रशिक्षण के दौरान ईआरओ को उनकी जिम्मेदारियों, बीएलओ और सुपरवाइजरों के साथ समन्वय, मतदाता सूची में नाम जोड़ने या घटाने के लिए आए दावे व आपत्तियों के निस्तारण के बारे में बताया जाता है। बीएलओ एप के तकनीकी पक्षों को भी बताया जाता है। विभिन्न वैधानिक नियमों और आयोग के इतिहास व कानूनी पक्ष से भी अवगत कराया जाता है।

### नाटो समिट में ट्रम्प बोले

# बहादुरी से जंग लड़ा ईरान



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को नीदरलैंड्स में नाटो समिट के दौरान कहा कि ईरान ने जंग में बहादुरी दिखाई। वे ऑयल का कारोबार करते हैं। मैं चाहूं तो इसे रोक सकता हूं, लेकिन मैं ऐसा नहीं करना चाहता।

उन्होंने कहा कि ईरान को जंग के बाद नुकसान से उबरने के लिए ऑयल बेचने की जरूरत है। अगर चीन, ईरान से ऑयल खरीदना चाहते हैं तो हमें कोई दिक्कत नहीं है। ट्रम्प ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच अगले हफ्ते बातचीत होगी। इससे पहले मंगलवार को ठअळड समिट के लिए जाते वक्त भी ट्रम्प ने कहा था कि चीन अब ईरान से ऑयल खरीद सकता है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि चीन अमेरिका से भी ऑयल खरीदेगा। हालांकि व्हाइट हाउस अधिकारी ने साफ किया था कि यह ईरान पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों में राहत का ऐलान नहीं था। बता दें कि ईरान-इजराइल में 12 दिन चली जंग के बाद ट्रम्प ने मंगलवार को सीजफायर का ऐलान किया था।

**ईरान बोला- देश में इजराइल की खुफिया गतिविधियां जारी**

ईरान ने इजराइल पर सीजफायर के बावजूद देश के अंदर जासूसी गतिविधियों को अंजाम देने का आरोप लगाया है। ईरान के खुफिया मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि इजराइल की जासूसी गतिविधियां देश के भीतर जारी हैं। यह जानकारी ईरानी समाचार एजेंसी फार्स ने दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक मंत्रालय ने कहा है कि इजराइली एजेंट बड़ी संख्या में ईरानी नागरिकों को फोन कॉल्स कर रहे हैं। इनका मकसद फोन के जरिए जासूसी करना और जानकारी हासिल करना है। मंत्रालय ने यह भी दावा किया कि इजराइल देश में झूठी खबरें फैला रहा है ताकि लोगों को राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सामंजस्य के खिलाफ भड़काया जा सके।

**इजराइली सेना आज जॉर्डन घाटी में सैन्याभ्यास करेगी**

इजराइली सेना ने घोषणा की है कि जॉर्डन घाटी के इलाके में आज सुबह से दोपहर तक सैन्य अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र में भारी संख्या में सैन्य वाहनों की आवाजाही रहेगी। सेना ने स्थानीय निवासियों को सतर्क करते हुए कहा है कि यह अभ्यास पहले से तय है और सुरक्षा से जुड़ी तैयारियों का हिस्सा है।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

आगरा ब्रज

गुरुवार, 26 जून, 2025 www.nnindianews.com



चंदन हत्याकांड

# चार दोषियों को जमानत

## एनआईए की विशेष अदालत ने सुनाई थी आजीवन कारावास की सजा, हाईकोर्ट से राहत

एनएनआई

**कासगंज।** तिरंगा यात्रा के दौरान भड़के दंगे में हुई चंदन गुप्ता की हत्या के मामले में हाईकोर्ट ने चार दोषियों की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। इससे चंदन के परिजन चिंतित हैं। उन्होंने जमानत निरस्त कराने के लिए अदालत में अर्जी देने की बात कही।


बता दें कि इस मामले में एनआईए की विशेष अदालत ने 3 जनवरी 2025 को 28 आरोपियों को दोष सिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इन दोषियों में से मुनाजिर रफी, आमिर, आसिफ,



इमरान सैफी ने हाईकोर्ट में अपनी जमानत अर्जी दाखिल की थी। कोर्ट ने इस अर्जी को स्वीकार कर लिया है जबकि अन्य 24 दोषियों ने भी जमानत अर्जी दाखिल कर रखी है।

चंदन के भाई विवेक गुप्ता ने बताया कि अभी केवल चार दोषियों की जमानत मंजूर हुई है। फिलहाल आदेश नहीं आया है। वह जमानत को निरस्त कराने के लिए हाईकोर्ट की बड़ी बेंच या फिर सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल करेंगे। उनका कहना है कि रुपये के अभाव में वह निजी वकील नहीं कर सके। सरकारी वकील कोर्ट में सही से पैरवी नहीं कर पाए। इसके चलते चार आरोपियों को जमानत मिल गई।

# कॉरिडोर निर्माण के दौरान भी होंगे ठाकुर जी के नियमित दर्शन



एनएनआई

**मथुरा।** वृंदावन में श्रीबांकेबिहारी कॉरिडोर निर्माण के दौरान भी मंदिर बंद नहीं होगा। श्रद्धालुओं को नियमित उनके आराध्य के दर्शन होंगे। ये बातें ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एसबी सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि मंदिर बंद किए जाने की अफवाहों पर ध्यान न दें। मंदिर बंद करने की बात पूरी तरह बेबुनियाद है।

एसबी सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाई जा रही हैं कि कॉरिडोर का निर्माण कार्य 1 जुलाई से शुरू हो रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने तक करीब 3 साल मंदिर बंद रहेगा, जबकि ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

यह भी बताया कि फिलहाल कॉरिडोर का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो रहा है। जब भी कार्य शुरू होगा तब भी नियमित मंदिर खुलेगा और श्रद्धालुओं को उनके आराध्य बिहारीजी के दर्शन होते रहेंगे। किसी भी कीमत पर दर्शन एवं पूजा पद्धति प्रक्रिया में कोई बाधा नहीं आएगी।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसी अफवाह फैलाना आपराधिक कृत्य है। भविष्य में अगर कोई ऐसी अफवाह फैलाता है या उसे आगे प्रसारित करता है तो ऐसे लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# एक्सप्रेस वे से डबल डेकर बस नीचे गिरी, दो की मौत



एनएनआई

**इटावा।** आज सुबह लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें बिहार से नई दिल्ली जा रही एक डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गई। इस दुर्घटना में दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक यात्री घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 7:43 बजे इटावा जिले में हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस तेज रफ्तार में थी और चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण बस एक्सप्रेस-वे से नीचे खाई में जा गिरी। बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े।

**मौके पर पहुंची पुलिस**

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को सैफई मेडिकल इंस्टीट्यूट रेफर किया गया है, जबकि अन्य का स्थानीय अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

**सटीक कारण स्पष्ट नहीं**

पुलिस के अनुसार, बस में करीब 65 यात्री सवार थे। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। हालांकि, सटीक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बस चालक के मौके से फरार होने की भी खबर है, जिसकी तलाश में पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

**दो लोगों की मौत की पुष्टि**

इटावा के एसएसपी आकाश तोमर ने बताया, हादसे में दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। हम हादसे के कारणों की गहन जांच कर रहे हैं।

## दम घुटने से सैकड़ों मुर्गी-मुर्गा ने दम तोड़ा

**शिकोहाबाद** एनएनआई। मुर्गी फार्म में दम घुटने की वजह से सैकड़ों मुर्गे-मुर्गियों की मौत हो गई। इससे फार्म हाउस स्वामी का लाखों रुपयों का नुकसान हो गया। फार्म हाउस के स्वामी ने केयरटेकर पर षड्यंत्र के तहत लाइट न बदलने का आरोप लगाते हुए घटना की तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव बोझिया निवासी अरुण कुमार का गांव में ही ईसी फार्म हाउस है। वह मुर्गी पालन का काम करते हैं। जिनकी देखरेख के लिए उसने गांव के ही एक व्यक्ति को केयरटेकर बतौर फार्म हाउस में नौकरी पर रखा था। पीड़ित अरुण का आरोप है कि उसके आगरा जाने के दौरान बीते मंगलवार को केयरटेकर ने साजिशन फार्म हाउस में लाइट नहीं बदली थी। इसके चलते वहां पंखे, कूलर एवं लाइट आदि नहीं चल रहे थे। जिसकी वजह से फार्म हाउस में पल रहे 700-800 मुर्गे-मुर्गियों की दम घुटने से मौत हो गई। इस घटना में पीड़ित को लगभग 4.50 लाख रुपयों का नुकसान हुआ है।

# दूसरी शादी में पहली पत्नी पहुंची, दूल्हा मौके से हुआ फरार

एनएनआई

**हाथरस।** कस्बा हसायन में एक शादी समारोह अचानक रुक गया। दूल्हे की पहली पत्नी के पहुंचने से मामला गरमा गया। दूल्हा अपनी पहली पत्नी को देखते ही सेहरा उतारकर फरार हो गया। मोहल्ला कोलियान खुर्द निवासी छोटे खां की बेटी की शादी मथुरा के महावन के एक युवक से तय हुई थी। बुधवार को बारात आई और उसका स्वागत किया गया।

इसी दौरान आगरा की टेढ़ी बगिया की रहने वाली युवक की पहली पत्नी को दूसरी शादी की खबर मिली। वह तुरंत शादी स्थल पर पहुंच गई। पहली पत्नी ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने लड़की के ताऊ और लड़के के बहनोई को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई। महिला को महिला थाने भेज दिया गया, जहां



उसकी शिकायत पर कार्रवाई होगी। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी दो साल पहले मुस्लिम रीति-रिवाज से इसी युवक से हुई थी। उसने दहेज भी दिया था। वधु पक्ष का कहना है कि उन्हें लड़का कुंवारा बताया गया था। अगर पहले पता होता तो यह रिश्ता तय नहीं करते। पुलिस ने शादी रुकवा दी है और मामले की जांच कर रही है।

# कंपनी के बाहर युवक की हत्या मामले में एक गिरफ्तार

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** मानेसर में मारुति सुजुकी कंपनी के बाहर एक 20 वर्षीय युवक की पिटाई कर हत्या कर दी गई थी। मृतक की पहचान फरीदा गोकुल निवासी राजपाल के रूप में हुई थी। वह जितेन्द्रा ट्रैवल्स कंपनी में हेल्पर के रूप में काम करता था।

घटना मंगलवार सुबह आईएमटी मानेसर थाना क्षेत्र में हुई। राजपाल मारुति कंपनी के कर्मचारियों को लाने-ले जाने का काम करता था। उसके साथी अजब सिंह के अनुसार, वह बांसगांव सेक्टर 7 में तीन अन्य लोगों के साथ एक कमरे में रहता था। सोमवार को राजपाल का द्वारकापुर फरुर्खाबाद के रहने वाले रजत कुमार और अमित कुमार से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसका बदला लेने के लिए दोनों ने मंगलवार सुबह कंपनी के गेट पर



राजपाल की पिटाई कर दी। पुलिस ने रजत कुमार को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि ड्राइवर अमित कुमार फरार है। राजपाल के भाई शिव शंकर ने बताया कि वह महज 15 दिन पहले ही नौकरी पर गया था। छह भाइयों में वह सबसे छोटा था। उसके तीन भाई चंद्रसेन, रवि और विशाल भी मानेसर में अलग-अलग कंपनियों में काम करते हैं। उसके पिता ग्यान्ती स्वरूप किसान हैं। मां कुसमा देवी की हालत बेहद खराब है। बुधवार को शव के गांव पहुंचने पर परिजनों और रिश्तेदारों ने अंतिम संस्कार किया।

# कोचिंग वाले सर की काली करतूत !

एनएनआई

**आगरा।** शहर में गुरु और शिष्य के रिश्ते को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। कोचिंग शिक्षक छात्रा के साथ गंदी हरकत करने और उस पर इश्क के लिए दबाव बना रहा था। आरोप है कि

सिकंदरा क्षेत्र के एक निजी स्कूल का गणित शिक्षक पुनीत वशिष्ठ अपनी ही कोचिंग में पढ़ने वाली दसवीं की छात्रा से छेड़खानी कर रहा था। आरोप है कि वह अश्लील हरकतें करता था। ब्वॉय फ्रेंड बनाने के लिए दबाव डाल रहा था। थाना न्यू आगरा में केस दर्ज किया गया है। उधर, आरोपी को स्कूल प्रबंधन ने निष्कासित कर दिया है। पुलिस गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है।

डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि आरोपी शिक्षक पुनीत वशिष्ठ न्यू आगरा क्षेत्र का रहने वाला है। वह सिकंदरा स्थित एक निजी स्कूल में गणित पढ़ाता था। नगला बूढ़ी में कोचिंग भी चलाता है। 10 महीने से उसकी कोचिंग में क्षेत्र की रहने वाली 14 साल की छात्रा पढ़ने आ रही थी।

आरोप है कि पुनीत उसके साथ गलत हरकत करने लगा। छात्रा के चाचा ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले भतीजी के गुमसुम रहने पर उसकी मां ने उससे बात की। परेशान रहने का कारण पूछा। इस पर वह रोने लगी। बताया कि कोचिंग



- 10वीं की छात्रा से छेड़छाड़, ब्वॉय फ्रेंड बनाने का दबाव
- शिकायत के बाद मुकदमा दर्ज, आरोपी शिक्षक फरार

का शिक्षक पुनीत वशिष्ठ 6 महीने से परेशान कर रहा है। खुद को ब्वॉय फ्रेंड बनाने के लिए दबाव बनाते हैं।

मना करने पर अश्लील बातें बोलते हैं। कुछ दिन से गलत तरह से छूने का प्रयास कर रहे थे। उसे डर था कि वह शिकायत करेगी तो कहीं पढ़ाई न छूट जाए। इस वजह से मुंह नहीं खोला। अब हरकतें बर्दाश्त करना मुश्किल हो गया था। यह बात सुनकर परिजन भी सन्न रह गए। उन्होंने बेटी को साथ ले जाकर थाना में शिकायत की।

**एक और छात्रा से हरकत की चर्चा**

थाना न्यू आगरा के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी शिक्षक के बारे में चर्चा है कि वह एक और छात्रा के साथ गलत हरकत करता था। उस छात्रा ने कोई शिकायत नहीं की। इस कारण इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है। आरोपी की उम्र 36 साल है। शादीशुदा है। वह शिकायत के बाद से भाग गया है। पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। तलाश में दबिश दी जा रही है।

## फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामला

# एसटीएफ की जांच पर उठ रहे सवाल

एनएनआई

**आगरा।** फर्जी असलहा और अवैध शस्त्र मामले में एसटीएफ की जांच पर अब सवाल उठ रहे हैं। इस मामले में एक माह बाद भी कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी। ऐसे में सीबीआई को जांच सौंपे जाने की मांग उठ रही है।

मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद असलहा लाइसेंस और अवैध शस्त्र के फजीर्वाड़े का खुलासा हुआ। केस दर्ज होने के एक माह बाद भी एसटीएफ किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है। इस मामले में थाना नाई की मंडी में 24 मई

- एक महीने बाद भी नतीजे पर नहीं पहुंची जांच
- सीबीआई से मामले की जांच कराने की मांग

को एसटीएफ के निरीक्षक यतेंद्र शर्मा ने केस दर्ज कराया था। इसमें भूपेंद्र सारस्वत, शिव कुमार सारस्वत, मीडियाकर्मी शोभित चतुर्वेदी, राजेश कुमार बघेल, मोहम्मद जैद, अरशद, सेवानिवृत्त असलहा बाबू संजय कपूर आरोपी हैं। असलहा बाबू को चार्जशीट तक गिरफ्तारी से हाईकोर्ट से राहत मिल गई है, लेकिन मीडिया कर्मी शोभित की याचिका खारिज हो चुकी है। इस मामले में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रकरण की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। मामले में मुख्तार अंसारी के गिरोह से कनेक्शन भी सामने आया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि उनकी शिकायत विवेचक को लेकर नहीं थी, बल्कि एक अधिकारी के दबाव डाले जाने पर थी।

## देवकी नंदन ठाकुर को अदालत ने जारी किया नोटिस

**आगरा** एनएनआई । भारत विभाजन और कश्मीरी ब्राह्मणों के नरसंहार के लिए जयचंदों को दोषी ठहराने के आरोप में अधिवक्ता ने देवकी नंदन के खिलाफ अदालत में मानहानि के आरोप में परिवाद प्रस्तुत किया था। कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर अदालत में पेश नहीं हुए। एसीजेएम-10 ने नोटिस जारी कर 9 जुलाई को अदालत में उपस्थित होने के आदेश दिया है। वादी अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने कथावाचक देवकीनंदन शर्मा उर्फ देवकीनंदन ठाकुर के खिलाफ परिवाद प्रस्तुत किया था। आरोप लगाया था कि 3 दिसंबर 24 को उन्हें समाचार पत्र और टीवी चैनलों के माध्यम से पता चला कि कथावाचक देवकी नंदन ने वाराणसी में कथा के दौरान भारत विभाजन व कश्मीरी ब्राह्मणों के नरसंहार के लिए जयचंदों को दोषी बताया था।

# संदिग्ध परिस्थिति में सिपाही की मौत, दी श्रद्धांजलि

एनएनआई

**आगरा।** थाना सदर की आगरा कैंट चौकी स्थित सरकारी आवास में रहने वाले मुख्य आरक्षी राजेश कुमार (40) की संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो गई। वह दो दिन से निजी अस्पताल में भर्ती थे। बुधवार सुबह उनकी मृत्यु हो गई। इसकी जानकारी पर पुलिस अधिकारी पहुंच गए। पोस्टमार्टम के बाद पार्थिव शरीर को पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि दी गई। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

राजेश कुमार मूलरूप से कासगंज के थाना पटियाली स्थित नगला फाजी के रहने वाले थे। पिछले डेढ़ साल से थाना सदर में तैनात थे। थाने की कैंट

**दो दिन से अस्पताल में चल रहा था इलाज**

चौकी के पीछे ही सरकारी आवास हैं। इसमें ही वो पत्नी और बच्चों के साथ रहते थे। अपर पुलिस उपायुक्त आदित्य सिंह ने बताया कि दो दिन पहले उन्हें परिजन ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत में सुधार नहीं हुआ।

बुधवार सुबह उनकी मौत की जानकारी दी गई। शाम पांच बजे पुलिस लाइन में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद परिजन पार्थिव शरीर को गांव ले गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। विसरा सुरक्षित किया गया है। परिजन से अभी बात नहीं हो सकी है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।



# अनियंत्रित वैन ने महिलाओं और बच्चों को रौंदा, 18 लोग घायल

एनएनआई

**आगरा।** थाना सिकंदरा क्षेत्र के खड़वाई गांव में मंगलवार शाम साढ़े सात बजे बेकाबू कार ने महिलाओं और बच्चों को रौंद दिया। इस हादसे में 15 महिलाएं और 3 बच्चे घायल हो गए। गनीमत रही कोई जनहानि नहीं हुई। महिलाएं गांव में पारंपरिक कुआं पूजन के लिए रुनकता-रायभा मार्ग से होकर जा रही थीं। तभी अचानक एक तेज रफ्तार इको वैन ने नियंत्रण खो दिया। वैन सीधे भीड़ में जा घुसी। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सभी का इलाज जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। हालात का जायजा लिया और घायलों से बातचीत की। फरार चालक की तलाश में जुट गई।

## खेत में निकला सांपो का जोड़ा, लाठी डंडों से पीट-पीट कर मार डाला

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**पिनाहट** एनएनआई । पिनाहट ब्लॉक के अंतर्गत गांव विप्रावली के उपगांव सावलदासपुरा में एक खेत में छह फीट लंबे दो सांपों का जोड़ा निकल आया जिसे देखकर ग्रामीण घबरा गए । युवक ने लाठी की सहायता से सांपों को मार दिया और आग लगा दी यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया बिप्रावली उपगांव सांवल्दासपुरा में एक युवक अपने खेत की जुताई कर रहा था तभी



खेत में उसे 6 फीट लंबे सांपों का एक जोड़ा दिखाई दिया। सांपों को देखने के लिए आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों की भीड़ जुड़ गई ।एक युवक ने उन दोनों सांपों को लाठी की सहायता से पीटकर मार डाला और पेट्रोल डालकर आग लगा दी ।यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होता रहा था दिनभर कस्बा में चर्चा का केंद्र बना रहा।



# कैंटर की ऑटो में लगी टक्कर, चालक घायल

**आगरा** एनएनआई । हाथरस रोड पर बुधवार रात को तेज रफ्तार कैंटर की ऑटो में टक्कर लग गई। हादसे में ऑटो चालक गंभीर घायल हो गया। उसे पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। घटना रात 10 बजे की है। कैंटर खंदौली की तरफ से आ रहा था। चार पुलिया के पास ऑटो गुलाब नगर की गली से निकल रहा था। तभी कैंटर की टक्कर हो गई। इसमें ऑटो पलट गया, जिससे चंदन नगर, नरायच निवासी चालक बबलू घायल हो गया। हादसे के बाद लोग जुट गए। मार्ग पर जाम भी लग गया। कैंटर चालक को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI
हर खबर पर पक्की नज़र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

## अपना आगरा

05

गुरुवार, 26 जून, 2025 www.nnindianews.com

# आपातकाल की 50वीं बरसी पर भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन

**ब्रज क्षेत्र कार्यालय पर संगोष्ठी, काली पट्टी बांधकर कांग्रेस की नीतियों की आलोचना**

एनएनआई




**आगरा।** भारतीय लोकतंत्र के सबसे काले अध्याय माने जाने वाले आपातकाल की 50वीं बरसी पर मंगलवार को भाजपा आगरा महानगर और जिला इकाई की ओर से ब्रज क्षेत्र कार्यालय, जयपुर हाउस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज किया और कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि सत्ता की लालसा में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश पर आपातकाल थोपा। उन्होंने कहा कि 25 जून का दिन हर वर्ष याद दिलाता है कि कांग्रेस सत्ता के लिए किस हद तक जा सकती है। आपातकाल के दौरान संविधान में ऐसे संशोधन किए गए जिनसे उसका मूल स्वरूप ही बदल दिया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत पोनिया ने कहा कि भारत तानाशाही नहीं, लोकतंत्र की भूमि है। आपातकाल के बाद जनता ने पहली गैर-कांग्रेसी सरकार चुनकर लोकतंत्र की जीत सुनिश्चित की।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने हाथों में 'आपातकाल मुर्दाबाद', 'कांग्रेस पार्टी हाय-हाय' जैसे नारे लिखी तख्तियां लेकर विरोध जताया। इस मौके पर शिव कुमार प्रमुख, संतोष कटारा, हेमंत भोजवानी, मुनेंद्र जादौन, महेश शर्मा, विक्रांत तिवारी, हाजी अल्ताफ हुसैन, हिमांशु ठाकुर, रोहित कत्याल सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खंडपीठ की मांग को राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति से मिलेंगे आगरा के अधिवक्ता

**सांसद रामजीलाल सुमन ने मानसून सत्र में मुद्दा उठाने का दिया आश्वासन**

एनएनआई



**आगरा।** आगरा में हाईकोर्ट की खंडपीठ की स्थापना को लेकर अधिवक्ताओं का आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। मंगलवार को खंडपीठ स्थापना संघर्ष समिति के संयोजक अरुण सोलंकी और प्रवक्ता नितिन वर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन से मिला और खंडपीठ की स्थापना की मांग को लेकर चर्चा की। नितिन वर्मा ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता वर्षों से खंडपीठ की मांग कर रही है, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के चलते यह अब तक साकार नहीं हो सकी। आगरा से वर्तमान में दो राज्यसभा और दो लोकसभा सांसद हैं, ऐसे में यदि सभी मिलकर यह मुद्दा संसद में मजबूती से रखें, तो सफलता मिल सकती है। सांसद रामजीलाल सुमन ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उन्होंने पूर्व में भी राज्यसभा में यह प्रश्न उठाया था, जहां सरकार ने जवाब में कहा था कि मेरठ और आगरा के बीच विवाद के चलते विचाराधीन है। उन्होंने यह भी बताया कि जस्टिस जसवंत सिंह आयोग ने आगरा में खंडपीठ की संस्तुति की थी। सांसद ने कहा कि वह आगामी मानसून सत्र में इस मुद्दे को फिर से उठाएंगे और संभव हुआ तो अधिवक्ताओं को साथ लेकर राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति से भी मिलेंगे। इसके अलावा, जनजागरूकता के लिए आस-पास के जिलों में सभाएं भी की जाएंगी। प्रतिनिधिमंडल में सिकंदर सेहरा, अतुल कर्दम, देव गौतम, वीरेंद्र पाल सिंह, प्रमोद कुमार, जय सक्सेना, मनीष अग्रवाल जोली सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# डॉ. आंबेडकर विवि में लोकतंत्र सेनानियों का किया सम्मान



- छात्रों ने विचार गोष्ठी में आपातकाल के प्रभावों पर रखे विचार

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के सेठ पदमचंद जैन प्रबंध संस्थान, खंदारी परिसर में मंगलवार को आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर स्मरणोत्सव, लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. आशु रानी के निर्देशन, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. भूपेंद्र स्वरूप शर्मा के नेतृत्व और डॉ. रुचिरा प्रसाद के संयोजन में किया गया। मुख्य अतिथि विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने आपातकाल को लोकतंत्र पर सबसे बड़ा आघात बताया। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को देश में आपातकाल थोपकर प्रेस की स्वतंत्रता, नागरिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की आजादी को कुचल दिया गया। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे लोकतंत्र की रक्षा के लिए जागरूक और सतर्क रहें। इस अवसर पर आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा करने वाले 30 लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया। इनमें योगेंद्र शर्मा, नरेंद्र जग्गा, कुलदीप शर्मा, जे.पी. शर्मा, राजेश अग्रवाल, अशोक गुप्ता, विपिन राजोरिया, देवेंद्र दुबे आदि शामिल रहे। 'आपातकालः इतिहास, वर्तमान और भविष्य' विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में विश्वविद्यालय, आगरा कॉलेज और आरबीएस कॉलेज के छात्रों ने भाग लिया। उन्होंने लोकतंत्र के महत्व और उसके संरक्षण की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. बृजेश रावत ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. संतोष बिहारी शर्मा ने दिया। आयोजन में शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# सींगना में बनेगा दक्षिण एशिया का अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र, केंद्रीय कैबिनेट ने दी मंजूरी

- ताजनगरी के सींगना गांव में आलू केंद्र के लिए 110 करोड़ की धनराशि स्वीकृत

**नई दिल्ली/आगरा (एनएनआई)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आगरा के लिए एक बड़ी सौगात घोषित की गई। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रस्ताव पर आगरा के ग्राम सींगना में अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र (सीआईपी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (सीएसएआरसी) की स्थापना को मंजूरी दे दी गई। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 110 करोड़ रुपये की धनराशि भी स्वीकृत कर दी गई है। उत्तर भारत के आलू उत्पादन का प्रमुख केंद्र आगरा अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलू अनुसंधान और नवाचार का हब बनने की ओर अग्रसर है। यह केंद्र हिमाचल प्रदेश के शिमला स्थित केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के अतिरिक्त सहयोगी केंद्र के रूप में काम करेगा। कृषि मंत्रालय द्वारा जारी बयान में बताया गया कि इस क्षेत्रीय केंद्र का उद्देश्य आलू की उत्पादकता बढ़ाना, कटाई के बाद प्रबंधन में सुधार, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और किसानों की आय में वृद्धि करना है। इससे खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी। साथ ही, यह परियोजना आलू आधारित उद्योगों में रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न करेगी। यह केंद्र आलू की उच्च उपज वाली, पोषणयुक्त और जलवायु-अनुकूल किस्मों के विकास में अग्रणी भूमिका निभाएगा। दक्षिण एशिया में आलू उत्पादन के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी सहयोग और नवाचार को गति देने के लिए यह केंद्र एक मील का पत्थर साबित होगा।

# आगरा मंडल में रेलवे टिकटिंग को मिली नई रफ्तार

एनएनआई



**आगरा।** यात्रियों को स्मार्ट और पारदर्शी सेवाएं देने की दिशा में आगरा मंडल रेलवे ने नई पहल की है। मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रमुख स्टेशनों पर नेक्स्ट जनरेशन पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (एनजीपीआरएस) और ग्राफिकल यूजर इंटरफेस (जीएनआई) आधारित टिकटिंग प्रणाली लागू की जा रही है। मंडल में अब तक 91 यूटीएस और 21 पीआरएस जीएनआई बेस्ड थिनक्लाइंट्स लगाए जा चुके हैं। इससे टिकट बुकिंग, रद्दीकरण, चार्टिंग और रिफंड की प्रक्रिया अधिक तेज और सटीक हो गई है। आगरा छावनी और मथुरा जंक्शन पर ट्रायल जारी है। सफलता के बाद इसे अन्य आरक्षण केंद्रों पर लागू किया जाएगा। जीएनआई सिस्टम में रंगीन और इंटरैक्टिव डिस्प्ले है, जिससे डेटा देखना और संचालन आसान हुआ है। यह प्रणाली रेलवे कर्मचारियों और यात्रियों दोनों के लिए उपयोगी सिद्ध हो रही है। रेलवे का यह डिजिटल कदम यात्रियों को स्मार्ट टिकटिंग की ओर ले जा रहा है और भारतीय रेलवे की तकनीकी प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# समय का सदुपयोग कर कार्यों को दें प्राथमिकता

- सीए स्थापना दिवस पर आईसीएआई आगरा शाखा का महिला सशक्तीकरण पर जोर

एनएनआई



**आगरा।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की आगरा शाखा द्वारा 77वें सीए स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दयालबाग स्थित खेलगांव में महिलाओं के लिए विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय था 'प्रोफेशनल और निजी जीवन में संतुलन', जिसमें समय प्रबंधन और तनावमुक्त जीवनशैली पर विचार रखे गए। सेमिनार का शुभारंभ सीए गौरव सिंघल, सीए अंकित मित्तल, करन पंजवानी, साक्षी विवेक जैन और आयुष गोयल ने दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य वक्ता ममता रैल्ली ने कहा कि कामकाजी महिलाएं अक्सर निजी जीवन में संतुलन नहीं बना पातीं, जिससे पारिवारिक रिश्तों में तनाव उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने सलाह दी कि समय का सदुपयोग करें, कार्यों को प्राथमिकता दें और घर-ऑफिस में संतुलन के लिए मेडिटेशन व योग को अपनाएं। वक्ता दिव्या प्रेमगुल ने कहा कि ऑफिस का तनाव घर न लाएं। जीवनसाथी और परिवार को ध्यानपूर्वक समय देना जरूरी है। उन्होंने काम को ऑफिस तक सीमित रखने और घर पर तकनीक से दूरी बनाने की अपील की। सेमिनार में महिलाओं के लिए तनावमुक्त रहने के लिए कैटवॉक और हंसी व्यायाम जैसे रचनात्मक सत्र भी आयोजित किए गए। बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रही। संचालन पूनम अग्रवाल, साक्षी जैन, मंजरी अग्रवाल व प्रियंका गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में संध्या शर्मा, अमिता गर्ग, दीपिका मित्तल, अलका वर्मा, प्रार्थना जालान, शिल्पी अग्रवाल, दीप्ति सिंह आदि मौजूद रही।

# 'चित्रांजलि' के संग गूंजीं संवेदनाएं, कला संवाद में भावों की बारिश

**प्रो. चित्रलेखा सिंह की चित्र प्रदर्शनी 'चित्रांजलि' का समापन**

एनएनआई

**आगरा।** संस्कृति भवन की आर्ट गैलरी में ललित कला संस्थान की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित 'कला संवाद' कार्यक्रम में कला और कविता का गहन संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रो. (डॉ.) चित्रलेखा सिंह की एकल चित्र प्रदर्शनी 'चित्रांजलि' का समापन डॉ. रंजना बंसल द्वारा किया गया। प्रदर्शनी संस्थान के रजत जयंती समारोह की कड़ी के रूप में आयोजित की गई थी।



मुख्य अतिथि डॉ. रंजना बंसल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रो. संजय चौधरी व पूर्व निदेशक डॉ. सरोज भार्गव ने की। संस्थापक निदेशक प्रो. चित्रलेखा सिंह ने कहा कि संस्थान उनकी साधना का परिणाम है, जिसने देश-विदेश को अनेक कलाकार दिए। प्रो. चौधरी ने इसे कला और संवेदना की अभिव्यक्ति का महोत्सव बताया। 'कला और कलम' विषय पर हुए विमर्श में चित्रकारों और कवियों ने कलात्मक भावनाओं को साझा किया। प्रो. चित्रलेखा सिंह ने अपनी कविता में पंक्तियां पढ़ीं- 'अनजाने में किए गए, इन उंगलियों के पोरों का, कौन सा तरंग देकर, छिप जायेगी!' चित्रकार अशोक कुमार सिंह, डॉ. आभा, डॉ. मनोज कुमार सिंह और अन्य कवियों ने भी रचना-पाठ किया, जिसने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन नंद नंदन गर्ग ने और धन्यवाद ज्ञापन शीला बहल ने दिया। इस अवसर पर डॉ. साधना सिंह, डॉ. नीलम कांत, डॉ. त्रिलोक कुमार शर्मा, कमलेश चंद्र जैन, भूमिका तिवारी, डॉ. तपस्या सिंह, रेशमा बेदी, डॉ. राजेश सैनी, गणेश कुशवाह आदि मौजूद थे।

# सफाई, ओआरएस और जागरूकता से करें डायरिया पर वार

**16 जून से चल रहा डायरिया रोको अभियान, जुलाई में संचारी रोग नियंत्रण भी चलेगा साथ**

**आगरा (एनएनआई)।** जनपद में डायरिया व अन्य संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। 16 जून से शुरू हुआ 'डायरिया रोको अभियान' और आगामी 1 से 31 जुलाई तक चलने वाला 'विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान' मिलकर जन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत हैं। दोनों अभियानों का लक्ष्य है साफ-सफाई, जागरूकता और समय पर इलाज से बीमारियों पर नियंत्रण। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि डायरिया रोको अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से




पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु को ह्यशून्यह्व तक लाना है। इसके लिए आशा कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर ओआरएस व जिंक की किट वितरित करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के प्रभावी संचालन में शिक्षा विभाग, पंचायती राज, महिला एवं बाल विकास, शहरी विकास, स्वच्छता विभाग सहित डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ और अन्य साझेदार संस्थाएं सहयोग कर रही हैं। जनभागीदारी और साफ-सफाई अपनाकर डायरिया जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है।

# देवरी में हुआ मृदा परीक्षण अभियान, किसानों को मिला जैव उर्वरक

- 50 किसानों के लिए लिए गए मृदा नमूने, उन्नत कृषि की ओर एक कदम

एनएनआई




**आगरा।** साधन सहकारी समिति लिमिटेड देवरी, जगनेर पर मृदा परीक्षण अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बसाई, जलालपुर, भरगामा खुर्द, जगनेर, बुधौली, बाजितपुर एवं देवरी गांवों के करीब 50 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में किसानों के मृदा नमूने कृषि सलाहकार डॉ. शैलेंद्र कुमार (बसेड़ी) की देखरेख में लिए गए। किसानों को मृदा परीक्षण की महत्ता और सही नमूना लेने की विधि के बारे में बताया गया। जिन किसानों ने सही प्रक्रिया से मृदा नमूने दिए, उन्हें प्रवेश कुमार सिंह (क्षेत्र प्रतिनिधि, कृभको आगरा) ने निशुल्क तरल जैव उर्वरक वितरित किए। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को स्वस्थ मिट्टी, सटीक उर्वरक उपयोग और टिकाऊ खेती के प्रति जागरूक करना था। अधिकारियों ने बताया कि मृदा परीक्षण से किसानों को अपनी भूमि की पोषक आवश्यकताओं को जानने में मदद मिलेगी, जिससे उपज में सुधार और लागत में कमी आएगी।

# नवागत जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार भार्गव का कृभको प्रतिनिधियों ने किया स्वागत

विकास भवन में हुई शिष्टाचार भेंट, कृषि विकास पर हुई चर्चा



एनएनआई

**आगरा।** जिला कृषि अधिकारी कार्यालय, विकास भवन में नवागत जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार भार्गव का कृभको (कृषि भारती कृषक कल्याण कोष) प्रतिनिधि मंडल ने शाल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर कृभको प्रतिनिधियों ने भार्गव को जनपद के किसानों की समस्याओं, मृदा परीक्षण, जैविक खेती, उन्नत बीज वितरण और किसानों के प्रशिक्षण से संबंधित विषयों से अवगत कराया। नवागत अधिकारी ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि किसानों की हर संभव सहायता की जाएगी और कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ अधिकतम किसानों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

# टैक्स वसूली में पारदर्शिता और करदाताओं की गरिमा का रखें ध्यान

**प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त ने विभागीय कामकाज की समीक्षा, अधिवक्ताओं और सीए संग की चर्चा**

एनएनआई

**आगरा।** आयकर विभाग की प्राथमिकता समय से कर संग्रह और पारदर्शिता बनाए रखना है, साथ ही करदाताओं का सम्मान भी सुनिश्चित किया जाए। यह बात प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त अपर्णा करण ने बुधवार को आगरा दौरे के दौरान पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि टैक्स राष्ट्रहित के लिए आवश्यक है, लेकिन करदाता का उत्पीड़न किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं। विभागीय टीमें सर्च या सर्वे के दौरान भी सौम्य व्यवहार बनाए रखें, इसके लिए निर्देश दिए जा चुके हैं। अपर्णा करण एक दिवसीय दौरे पर संजय प्लेस स्थित आयकर कार्यालय पहुंचीं, जहां उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा की। आयुक्त ने कहा कि विवादित मामलों का त्वरित निस्तारण विभाग की प्राथमिकता में है, जिससे करदाताओं को अनावश्यक असुविधा न हो। उन्होंने फेसलैस जांच प्रणाली को करदाताओं और विभाग के बीच पारदर्शिता का बेहतर माध्यम बताया। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि विभाग में कार्यभार के अनुपात में अधिकारियों की संख्या कम है। उन्होंने टैक्सेशन बार एसोसिएशन, सीए इंस्टीट्यूट (आगरा शाखा) और नेशनल चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। बैठक में करदाताओं को तकनीकी रूप से जागरूक करने और अग्रिम कर संग्रह को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया। विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि गैर-आवश्यक टैक्स मांगों को पोर्टल से हटाया जाए और करदाताओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाए। इस अवसर पर प्रधान आयुक्त अनुपम कांत गर्ग, आयुक्त श्योदान सिंह भदौरिया, अपर आयुक्त शैलेंद्र श्रीवास्तव, संयुक्त आयुक्त हर्ष सिद्धार्थ गौतम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



# साल में दो बार होगी सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा, मिली मंजूरी

एनएनआई

**आगरा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सत्र 2025-26 से बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित करने का बड़ा निर्णय लिया है। अब छात्र फरवरी और मई, दोनों सत्रों में परीक्षा देने का विकल्प चुन सकते हैं। इस ऐतिहासिक बदलाव का उद्देश्य छात्रों के तनाव को कम करना और उन्हें अपने प्रदर्शन में सुधार का एक और अवसर देना है।

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन 10वीं के स्टूडेंट 2026 से साल में 2 बार एग्जाम देंगे। नए परीक्षा पैटर्न के मुताबिक, पहली परीक्षा सभी छात्रों के लिए जरूरी होगी और दूसरी ऑप्शनल। पहली परीक्षा फरवरी और दूसरी मई में होगी। नतीजे अप्रैल और जून में जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही सप्लीमेंट्री एग्जाम खत्म कर दिए गए हैं। 12वीं बोर्ड पर अभी यह फैसला लागू नहीं होगा।

**नए एग्जाम पैटर्न की 3 अहम बातें**

दूसरी परीक्षा यानी ऑप्शनल एग्जाम में छात्रों को साइंस, मैथमेटिक्स, सोशल साइंस और लैंग्वेजेस में से किन्हीं 3 सब्जेक्ट में अपनी परफॉर्मेंस सुधारने की इजाजत दी जाएगी। विंटर बाउंड स्कूलों (सर्दियों में बंद रहने वाले स्कूल) के छात्रों को दोनों परीक्षाओं में से किसी में भी बैठने की इजाजत होगी। अगर कोई छात्र पहली परीक्षा में 3 या अधिक सब्जेक्ट्स में शामिल नहीं हुआ है, तो उसे दूसरी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



## छात्रों के हित में सराहनीय निर्णयः डॉ. सुशील गुप्ता



अप्साध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम छात्रों के तनाव को कम करने में सहायक हो सकता है क्योंकि दो बार परीक्षा होने से उन्हें अपनी गलतियों को सुधारने और बेहतर अंक प्राप्त करने का दूसरा अवसर मिलेगा। हालांकि, विषय बदलने की अनुमति न होना दोनों परीक्षाओं में एक महत्वपूर्ण बिंदु है, जो छात्रों को अपनी सुविधा और तैयारी के अनुसार निर्णय लेने की स्वतंत्रता देगा। कुल मिलाकर यह सीबीएसई का एक सकारात्मक और छात्र-केंद्रित निर्णय प्रतीत होता है, जो छात्रों को बेहतर अवसर प्रदान करेगा और उन्हें शिक्षा के प्रति एक स्वस्थ दृष्टिकोण अपनाने में मदद करेगा।



यह निर्णय छात्रों छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव है। अब हमें फरवरी मार्च में अपनी पहली मुख्य परीक्षा देनी होगी। अगर किसी कारणवश हमारे अंक उम्मीद के मुताबिक नहीं आते, तो हमें मई में एक और मौका मिलेगा -सुधार परीक्षा का। सबसे अच्छी बात यह है कि जिस परीक्षा में हमारे अंक ज्यादा होंगे, वही अंतिम मानी जाएगी।

**नाइशा छोंकर**
**कक्षा - दस**
**प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल**



पहले तो जब मैंने इस विषय में सुना तो परेशान हो गया और टेंशन में आ गया लेकिन जब शांति से मैंने इस पर विचार किया, तब मुझे लगा कि यह तो छात्रों के हित में लिया गया निर्णय है क्योंकि दूसरी परीक्षा अनिवार्य नहीं है। मैं सीबीएसई के द्वारा छात्रों के हित में लिए गए इस निर्णय की प्रशंसा करता हूँ।

**अविरल जायसवाल**
**कक्षा - दस**
**प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल**



सीबीएसई द्वारा वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा कराने का प्रस्ताव कई जमीनी चुनौतियों को जन्म देगा। स्कूलों को पहले से ही सीमित वर्किंग डे में पाठ्यक्रम पूरा कराना पड़ता है, और यह बदलाव पढ़ाई के लिए उपलब्ध दिनों को और कम कर देगा। वर्तमान में, 70-80 प्रतिशत छात्र कक्षा 10वीं में पहली बार में ही पास हो जाते हैं, जिससे अधिकांश छात्रों को दोबारा परीक्षा देने की जरूरत ही नहीं पड़ती।

**पुनित वशिष्ठ, प्रधानाचार्य**
**जीडी गोयंका**



सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा वर्ष में दो बार -विद्यार्थियों के लिए परफॉर्मेंस सुधारने का अवसर होगा। यह एक महत्वपूर्ण निर्णय है। अब विद्यार्थी तनावमुक्त होकर परीक्षा दें पाएंगे। विद्यार्थियों को ध्यान देना होगा कि दोनों परीक्षाएं पूरे सिलेबस पर आधारित होंगी और दोनों परीक्षाओं को पैटर्न समान होगा।

**डॉ सुनील उपाध्याय**
**आप्टा संस्थापक व भाजपा महानगर संयोजक**



# सभी विभागों में जारी किए जाएं वायु गुणवत्ता के आंकड़े: मंडलायुक्त

एनएनआई

**आगरा।** मण्डल आयुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में ताज ट्रेपेजियम जोन प्रदूषण प्राधिकरण की 64वीं बोर्ड बैठक आयोजित हुई। बैठक में टीटीजेड क्षेत्र के अन्तर्गत नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों द्वारा भविष्य में ठोस कूड़ा प्रबन्धन हेतु सीएनजी वाहन ही खरीदे जाने के क्रम में अवगत कराया गया कि आगरा में सभी नगर निकायों द्वारा इसका अनुपालन किया जा रहा है लेकिन मथुरा, एटा, हाथरस एवं भरतपुर से कोई आख्या प्राप्त नहीं हुई है। आयुक्त ने सभी जनपदों से आख्या मंगाये जाने के निर्देश दिए। केन्द्रीय व यूपी प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद और अलीगढ़ द्वारा स्थापित एयर क्वालिटी मॉनीटरिंग स्टेशन से परिवेषीय वायु गुणता के आंकड़ों की मॉनीटरिंग की जा रही है। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि परिवेशीय वायु गुणता के आंकडे सभी संबंधित विभागों, कार्यदायी संस्थाओं और नगर निगमों को भी जारी किए जाएं। आंकड़ों की तुलना करके देखा जाए कि वायु गुणता में सुधार हो रहा है या नहीं। टीटीजेड क्षेत्र में सी एण्ड डी वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016 का अनुपालन किया जा रहा है।

टीटीजेड क्षेत्र में संचालित पारम्परिक मोक्षधाम स्थलों को विकास प्राधिकरण व नगर निगम द्वारा विद्युत शवदाह गृह में परिवर्तित किया जा रहा है। आगरा, मथुरा और फिरोजाबाद में पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की वसूली की समीक्षा की गयी। आगरा व मथुरा में सबसे ज्यादा देनदारी होने के कारण नियमानुसार आरसी की कार्यवाही कर वसूली करने के निर्देश दिए गये। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति के संबंध में रिपोर्ट मांगी गयी। लेकिन बैठक से बिना जानकारी दिए दक्षिणांचल अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर संबंधित अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। नगर निगम और छावनी क्षेत्र के प्रमुख 12 स्थलों पर किसी भी दशा में सॉलिड वेस्ट बर्निंग नहीं होने दी जाए। यदि कोई वेस्ट लेदर कटिंग बर्निंग करता हुआ पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ एफआईआर की कार्यवाही की जाए। रिहायशी इलाकों में संचालित इलैक्ट्रोप्लेटिंग ईकाईयों पर कार्यवाही की गयी है तथा निर्देश दिए गये कि भविष्य में ऐसे जल/वायु प्रदूषणकारी इकाइयों को विद्युत संयोजन नहीं दिया जाए।

बैठक के अंत में जुलाई माह में चलने वाले वृक्षारोपण अभियान को लेकर आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए गये कि सभी विभागों द्वारा चयनित स्थलों पर गढ़ढा खुदान का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। विभिन्न उद्योंगो के परिसर में भी वृक्षारोपण किया जाए। सभी स्वयं एक पौधा अपनी मां के नाम अवश्य लगाएं।

# लाइब्रेरी का हो डिजिटिलाइजेशन

## मण्डलायुक्त ने क्वीन एम्प्रैस मैरी लाइब्रेरी, जॉन्स पब्लिक लाइब्रेरी का किया निरीक्षण

एनएनआई

**आगरा।** मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने स्मार्ट सिटी के अंतर्गत जीर्णोद्धार कर बनाई गई सदर स्थित क्वीन एम्प्रैस मैरी लाइब्रेरी,जॉन्स पब्लिक लाइब्रेरी व पालीवाल पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम लाइब्रेरी परिसर स्थित लाइब्रेरी हॉल, रीडिंग रूम, बुक स्टोर रूम, कंप्यूटर रूम, कैंटीन, कैफेटेरिया आदि का निरीक्षण किया, लाइब्रेरी में संरक्षित पुरानी किताबों के रख रखाव, किताबों की खरीद, लाइब्रेरी स्टाफ, प्रतिदिन लाइब्रेरी में आने वालों की संख्या, मेंबरशिप आदि की संबंधित से जानकारी तलब की तथा मौके पर अध्ययनरत छात्र छात्राओं से वार्ता कर फीड बैक लिया, जिसमें बताया गया कि लाइब्रेरी में 65 लोगों ने मेंबरशिप ली है तथा प्रतिदिन 10 से 15 छात्र- छात्राओं सहित अन्य लोग लाइब्रेरी में आते हैं इसमें अधिकाशं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र हैं।



मंडलायुक्त महोदय ने उपलब्ध किताबों, मैगजीन, न्यूज पेपर की जानकारी ली जिसमें बताया गया कि लाइब्रेरी में सभी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं की, छोटे बच्चों हेतु बाल साहित्य व जनरल नॉलेज की किताबों सहित सभी प्रमुख न्यूज पेपर व मैगजीन अंग्रेजी व हिंदी में उपलब्ध हैं, लाइब्रेरी में सदस्यता लेने बालों को 07 दिन के लिए किताबों को भी इश्यू किया जाता है। लाइब्रेरी में 3390 पुरानी किताबों को जिल्दसाजी कर संरक्षित किया गया है। मंडलायुक्त ने लाइब्रेरी में अध्ययन कर रहे छात्र- छात्राओं से भी बात की तथा उनका फीडबैक व सलाह सुझाव भी लिए। मंडलायुक्त महोदय ने गर्मी के दृष्टिगत एसी की संख्या बढ़ाने, पर्याप्त प्रकाश की उपलब्धता हेतु लाइट की सुविधा बढ़ाने, इंटरनेट व वाईफाई, सोलर पैनल का प्रस्ताव, टॉयलेट, लाइब्रेरी परिसर में पेंटिंग कराने को संबंधित को निर्देशित किया।

मंडलायुक्त ने पालीवाल पार्क स्थित जॉन्स पब्लिक लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया तथा मौके पर उपस्थित छात्रों से मुलाकात कर फर्नीचर, प्रकाश व्यवस्था,पंखों व अन्य सुविधाओं को बढ़ाए जाने के संबंधित को निर्देश दिए। जॉन्स पब्लिक लाइब्रेरी परिसर स्थित रानी विक्टोरिया की प्रतिमा का निरीक्षण किया तथा साफसफाई के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने पालीवाल पार्क का भी निरीक्षण किया तथा नगर निगम से पार्क की नियमित उचित साफ सफाई कराने, उद्यान विभाग के अधिकारियों को वॉटर बॉडी, रखरखाव संबंधी निर्देश दिए।

निरीक्षण में नगरायुक्त अंकित खंडेलवाल, सिटी मजिस्ट्रेट वेद सिंह चौहान, सहायक नागरायुक्त अशोक गौतम, प्रोजेक्ट मैनेजर स्मार्ट सिटी अरुण कुमार, डीडी उद्यान धर्मपाल,अधीक्षक राजकीय उद्यान रजनीश पांडेय, पदम चंद मिश्रा,पंकज महेंद्रू, डीजीसी अशोक चौबे सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।



# चंबल नदी का जलस्तर सामान्य, स्टीमर संचालन फिर से शुरू

**पिनाहट एनएनआई।** पिनाहट चंबल नदी का जलस्तर पिछले दो दिन से बढ़ने के कारण चंबल नदी पर स्टीमर का संचालन बंद कर दिया गया था। कोटा बैराज से 500000 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण चंबल नदी का जलस्तर बढ़ गया था जिसके कारण चंबल नदी के किनारे स्थित प्राचीन शिव मंदिर भी डूब गया था और स्टीमर संचालन को रोक दिया गया था। स्टीमर संचालन बंद होने से यात्रियों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा था।गुरुवार सुबह जब चंबल नदी का जलस्तर 3 मीटर कम होकर 112 मीटर तक रह गया। तब उच्च अधिकारियों के आदेश पर यात्रियों की समस्या को देखते हुए स्टीमर संचालन पुनः शुरू कर दिया गया। यात्रियों ने स्टीमर संचालन के लिए उच्च अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

# भय फैला रहे जमीन पर रखे ट्रांसफार्मर

एनएनआई

**पिनाहट।** बिजली विभाग ने बड़ी लापरवाही करते हुए ट्रांसफार्मर को जमीन पर रखकर सप्लाई को चालू कर दिया है। जिससे हर समय करंट का खतरा बना हुआ है। विभाग शिकायत के बाद भी सुन नहीं रहा है। कस्बा भदरौली के मुहल्ला पीपर मंडी के अमित ने बताया कि बिजली विभाग ने करीब कई बर्ष पूर्व उसके घर के सामने जमीन पर 400 केवीए का बड़ा ट्रांसफार्मर रख कर सप्लाई चालू कर दी है। विभाग ने कोई जाली नहीं लगाई है। जिससे बारिश मे आये दिन फॉल्ट होते रहते है। गली मोहल्ले के बच्चे खेलते रहते है। ग्रामीणो को हर समय हादसे का भर लगा रहता है। ग्रामीणो ने इसे हटाने की मांग की है। ग्रामीणो में राजवीर सतीश चंद्र टिंकू टिंकल विष्णु जितेंद्र पिपल है। जेई भदरौली पंकज कुमार का कहना है कि उच्चाधिकारियो को अवगत करा दिया है। जल्द ही समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।



# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

एनएनआई

**मैनपुरी।** डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बुधवार की दोपहर जेल चौराहे से लेकर ईसन नदी चौराहे तक अपनी देख-रेख में मुख्य मार्ग के किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवाते हुए उप जिलाधिकारी सदर,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क के किनारे जिन दुकानदारों द्वारा अवैध अतिक्रमण किया गया है,उन्हें चिन्हित कर उन पर जुमार्ना वसूला जाए ताकि आगे से कोई भी अवैध अतिक्रमण नहीं कर सके। डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बार-बार निर्देशों के बाद भी नगर के मुख्य मार्गों के किनारे किए गए स्थाई, अस्थाई अतिक्रमण को हटाए जाने में संबंधित अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है, सड़क के किनारे अवैध अतिक्रमण के कारण जल निकासी भी अवरुद्ध हो रही है, जेल चौराहे से लेकर ईसन नदी कुरावली रोड मोड तक जल-भराव की स्थिति बनी हुई है,जिस कारण आम-जन को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, दुकानदारों द्वारा दुकान का सामान सड़क के किनारे रख नाले को बंद किया गया है कुछ भवन स्वामियों द्वारा घर के सामने पशु बांधकर अवरोध पैदा किया गया है। रामकुमार पुत्र सरदार सिंह द्वारा अपने घर के सामने 04-05 भैंस बांधकर नाली को बंद किया गया है जबकि शैली टेंट हाउस, निराला हार्डवेयर के स्वामी गीतम सिंह, सुंदरम हार्डवेयर एंड दरवाजा, पूजा फर्नीचर के राम निवास, श्याम फर्नीचर,शिशुपाल सीमेंट एजेंसी,स्टार ट्रेडर्स के स्वामी प्रवीण कुमार के द्वारा अपनी दुकानों के सामने शटरिंग,टेंट का सामान,लोहे के दरवाजे,ग्रिल आदि रखकर मुख्य रोड तक कब्जा कर लिया साथ ही सड़क के किनारे स्थाई,अस्थायी अतिक्रमण कर मार्ग को अवरोध किया है, जिस पर उन्होंने संबंधित के विरुद्ध भारी जुमार्ना लगाकर वसूली करने एवं आज सायं तक अतिक्रमण हटाकर मार्ग को साफ कराकर नाला चालू कराए जाने का निर्देश दिये। डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए।

# पुलिस ने बरामद की अपहृत किशोरी

**बाह एनएनआई।** पच्चीस दिन पूर्व बाह के एक गांव से अगवा की गई किशोरी को पुलिस ने अहमदाबाद से बरामद किया है।अपहर्ता फतेहाबाद के मल्हन टूला के योगेश बघेल ने उसे विभिन्न ठिकानों पर रख कर दुष्कर्म किया था। पुलिस ने उसे दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फतेहाबाद के मल्हन टूला के रहने वाला योगेश बघेल किशोरी के ममेरे भाई का दोस्त है। वह किशोरी के गांव में अपने दोस्त के साथ शादी समारोह में शामिल होने आया था। 31 मई की रात वह किशोरी को अगवा कर ले गया। सुराग न लगने पर पिता ने अज्ञात के खिलाफ 16 साल की बेटी को अगवा किए जाने का केस दर्ज कराया था। तब से पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। सर्विलांस से लोकेशन अहमदाबाद मिलने पर पुलिस टीम वहां पहुंची थी। आखिरकार पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में किशोरी ने अपने साथ दुष्कर्म की बात कही। प्रभारी निरीक्षक बाह सुरेश चन्द ने बताया कि किशोरी को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# 8.72 करोड़ से तैयार हुआ अटल राजकीय महाविद्यालय

एनएनआई

**बाह।** चंबल के बीहड़ के गांवों की बेटियों के लिए अच्छी खबर ये है कि अब उनका उच्च शिक्षा पाने का सपना पूरा हो सकेगा। बाघराजपुरा गांव में 8.72 करोड़ की लागत से बने अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय में 1 जुलाई से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी।

प्राचार्य डॉ.चंद्रपाल सिंह तोमर ने बताया कि बीएससी,बीकॉम,बीए प्रथम वर्ष में छात्र-छात्राएं प्रवेश ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय भवन की दो मंजिल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। चंबल के बीहड़ के गांवों की बेटियों की इंटरमीडिएट के बाद पढ़ाई छूट जाती थी। बीहड़ पट्टी के गांवों में बेटियों की उच्च शिक्षा को लेकर ग्रामीण विधायक पक्षालिका सिंह के सामने चिंता जताते थे। पक्षालिका सिंह ने बताया कि बेटियों की उच्च शिक्षा का सपना पूरा करने के लिए उन्होंने 2020 में अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बाघराजपुरा में मंजूर कराया था। 8.72 करोड़ की



लागत से विद्यालय भवन तैयार हो गया है। खुशी की बात है कि 1 जुलाई से स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही बटेश्वर में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना का काम शुरू होगा। स्वीकृति के साथ जमीन चिन्हित कर ली गई है।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में उनके विधानसभा क्षेत्र में 2 राजकीय महाविद्यालय की स्थापना से यमुना चंबल के बीहड़ पट्टी के गांवों की बेटियों की उच्च शिक्षा की पढ़ाई आसान हो जाएगी। राजकीय महाविद्यालय की शुरूआत पर भाजपा कोर कमेटी के सदस्य पवन भदौरिया, धीरेन्द्र सिंह भदौरिया, अल्केन्द्र सिंह जादौन, लाल सिंह चौहान, सत्यवीर सिंह, उमेश सिसोदिया, डॉ. मानवेन्द्र सिंह, हृदय नरायन शर्मा, राजवीर सिंह भदौरिया, शेर बहादुर सिंह प्रधान, बन्नू प्रधान, नवरतन सिंह, ब्रजराज सिंह, राकेश भदौरिया, रामवकील शर्मा आदि ने खुशी का इजहार कर विधायक पक्षालिका सिंह का आभार जताया है।

# शिविर में 22 गुर्दा रोगियों ने लिया परामर्श

एनएनआई

**आगरा।** श्री क्षेत्र बजाजा कमेटी द्वारा डॉ. एनएल पटनी डायलिसिस सेंटर, खंदारी आगरा पर गुर्दा हाइपरटेंशन एवं किडनी से संबंधित रोगों का निशुल्क 25वां परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 22 मरीजों ने परामर्श लिया।डॉ. वर्तुल गुप्ता (डी.एम. नेफ्रोलॉजी) ने मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया। उन्होंने बताया कि डायबिटीज, गलत खानपान, तनाव, शारीरिक परिश्रम न करने के कारण किडनी से सम्बंधित रोग बढ़ रहे है। 50-60 की उम्र के



स्वस्थ लोगों को भी साल में एक बार अपनी जांच अवश्य करानी चाहिए।' प्रकल्प प्रभारी अजय गोयल, नंदकिशोर गोयल व डायलिसिस टैकनीशियन चन्दर का सहयोग रहा।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर विवि और ताशकंद विवि के बीच करार

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा ने वैश्विक स्तर पर अपनी सशक्त पहचान बनाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए उज्बेकिस्तान की प्रतिष्ठित उज्बेकिस्तान स्टेट वर्ल्ड लैंग्वेजेस यूनिवर्सिटी, ताशकंद के मध्य ऐतिहासिक व दीर्घकालिक सहयोग ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता दोनों विश्वविद्यालयों के मध्य शैक्षणिक, सांस्कृतिक, अनुसंधान एवं नवाचार के विविध क्षेत्रों में गहन सहयोग की आधारशिला रखता है । इस समझौते का मुख्य उद्देश्य भारत और उज्बेकिस्तान के मध्य शैक्षणिक सेतु का निर्माण करना है, जो दोनों देशों की भाषाओं, संस्कृतियों और शैक्षिक उत्कृष्टता को परस्पर जोड़ने में सहायक होगा। विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति प्रो. आशु रानी के नेतृत्व में विश्वविश्वविद्यालय लगातार अंतरराष्ट्रीय



मंच पर अपने संवाद, सहयोग और सहभागिता को बढ़ा रहा है। इस दिशा में उज्बेकिस्तान स्टेट वर्ल्ड लैंग्वेजेस यूनिवर्सिटी, ताशकंद के साथ यह टड्ढव न केवल विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण को सशक्त बनाता है, बल्कि भारत और उज्बेकिस्तान के बीच अकादमिक और सांस्कृतिक साझेदारी को भी एक नई ऊँचाई प्रदान करता है।

## संपादकीय

# भाजपा अध्यक्ष के लिए तारीख पर तारीख

भारतीय जनता पार्टी के जानकार सूत्रों का कहना है कि अगले महीने शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र से पहले पार्टी को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। इस तरह नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए एक नई डेडलाइन सामने आई है। गौरतलब है कि संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा। इस बार सरकार ने विपक्ष की विशेष सत्र की मांग को खारिज करने के लिए सत्र से 47 दिन पहले तारीखों का ऐलान किया।संभावना है कि जुलाई के मध्य में संसद के मानसून सत्र के पहले पार्टी नई राष्ट्रीय परिषद की बैठक भी कर सकती है, जहां नया अध्यक्ष कार्यभार संभालता है। सो, अब मानना चाहिए कि 21 जुलाई से पहले भाजपा को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। इससे पहले डेडलाइन दी गई थी कि नरेंद्र मोदी की तीसरी सरकार की पहली सालगिरह यानी नौ जून से पहले पार्टी का नया अध्यक्ष चुन लिया जाएगा। उससे पहले अप्रैल की डेडलाइन थी।उससे पहले जनवरी की डेडलाइन थी और उससे भी पहले जब जेपी नड्डा को कार्यकाल का विस्तार दिया गया था तब कहा गया था कि राज्यों के चुनाव के बाद नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाएगा। इस लिहाज से डेडलाइन नवंबर 2024 की थी। वैसे नड्डा को सेवा विस्तार लोकसभा चुनाव तक यानी जून 2024 तक ही मिला हुआ था। अगस्त महीने में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर हलचल शुरू हो जाएगी। बीजेपी बिहार चुनाव में जाने से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनना चाहेगी, क्योंकि चुनाव के दौरान विपक्ष के नैरेटिव को ध्वस्त किया जा सके। सूत्रों के अनुसार, पार्टी में मौजूदा स्थिति में संगठन का कामकाज प्रभावित हो रहा है। साथ ही काडर में भी गलत संदेश जा रहा है। पार्टी के कार्यकर्ता एवं तमाम नेता नेतृत्व पर दबाव बना रहे हैं कि संगठन के ढांचे को जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाए, ताकि ऊहापोह की स्थिति समाप्त हो जाए। सरकार ने संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से बुलाने का फैसला किया है। आमतौर पर यह 15 जुलाई के आसपास से शुरू होता था और लगभग महीनेभर चलने के बाद 15 अगस्त से पहले समाप्त होता था। इस बार इस सत्र को लगभग एक सप्ताह आगे बढ़ाने के पीछे का मकसद भाजपा के संगठन चुनाव की प्रक्रिया को पूरा करवाना भी माना जा रहा है। जिससे कि भाजपा अपने नए अध्यक्ष के चुनाव और उसके बाद राष्ट्रीय परिषद की अधिवेशन को भी पूरा कर सके। भाजपा के संविधान के मुताबिक बीजेपी के अध्यक्ष पद का कार्यकाल तीन साल का होता है। एक व्यक्ति दो बार से अधिक पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। पार्टी के नए अध्यक्ष के सामने 12 अहम चुनाव हैं। साल 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव। 2026 में, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और असम। 2027 में, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर, पंजाब, राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति चुनाव में बीजेपी को जीत दिलाने की जिम्मेदारी होगी। बहरहाल, अब नई डेडलाइन 21 जुलाई 2025 को माना जा रहा है। इसके अलावा एक और डेडलाइन पार्टी के जानकार सूत्रों ने दी थी कि राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव 21 जून तक हो जाएंगे। अब कहा गया है कि 30 जून तक आधे से ज्यादा राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव हो जाएगा।ध्यान रहे अभी सिर्फ 14 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुने गए हैं और ज्यादातर बड़े राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, झारखंड आदि राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ है। भाजपा के संविधान के मुताबिक कम से कम आधे राज्यों में संगठन चुनाव होने के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।सूत्रों का कहना है कि प्रदेशों में संगठन का चुनाव इसलिए टाला गया है क्योंकि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम पर सहमति नहीं बन रही है। अगर राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की सहमति बन गई तो तुरंत प्रदेशों के चुनाव हो जाएंगे और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष भी चुन लिया जाएगा। सो, अगर जून में प्रदेशों में संगठन का चुनाव हो जाता है तो इस बात की संभावना रहेगी कि जुलाई में नया अध्यक्ष चुन लिया जाएगा। फिर सवाल है कि नया अध्यक्ष कौन होगा? जिन नामों की चर्चा हो रही है उनमें से किसी को बनाया जाएगा या कोई चौंकाने वाला नाम सामने आएगा। ध्यान रहे भाजपा का मौजूदा नेतृत्व चौंकाने में बहुत यकीन करता है और इसका ट्रैक रिकॉर्ड यह है कि किसी भी पद के लिए जिसके नाम की चर्चा हो जाती है उसको नहीं चुना जाता है। इसलिए शिवराज सिंह चौहान, धर्मेंद्र प्रधान, मनोहर लाल खट्टर, सुनील बंसल जैसे तमाम नाम, जिनकी चर्चा है हो सकता है कि उनमें से किसी को मौका नहीं मिले और कोई ऐसा नाम सामने आए, जिसके बारे में सोचा भी नहीं गया हो। हालांकि कुछ जानकारी इस बात को भी खारिज करते हैं और उनका कहना है कि सरकार के मामले में तो यह सही है कि नरेंद्र मोदी चौंकाने वाला नाम मंत्रिमंडल में शामिल कर लेते हैं या चौंकाने वाले नाम के तौर पर लोकसभा के स्पीकर का नाम सामने आया या राज्यों में मुख्यमंत्री ऐसे चुने गए, जिनके नाम की कहीं चर्चा नहीं थी लेकिन संगठन के मामले में ऐसा नहीं हो सकता है।संगठन के मामले में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की न्यूनतम सहमति जरूरी होती है। तभी यह कहा जा रहा है कि अगर संभावित नामों में से किसी को अध्यक्ष नहीं चुना जाता है तब भी वह नाम बहुत चौंकाने वाला नहीं होगा। यानी कोई चर्चित और संगठन के लिए काम कर चुका नेता ही अध्यक्ष होगा।




# जगन्नाथ पुरी धाम

## जहां विज्ञान भी रह जाए हैरान, मंदिर की खास बातें

भारत के चार प्रमुख धामों में एक जगन्नाथ पुरी न केवल अपनी भव्यता और धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है, बल्कि अपने अद्भुत रहस्यों और चमत्कारों के लिए भी प्रसिद्ध है। ओडिशा के समुद्र तट पर स्थित यह धाम भगवान श्रीकृष्ण के जगन्नाथ स्वरूप को समर्पित है, जहां साथ में बलभद्र और सुभद्रा की भी पूजा होती है। हर वर्ष यहां आयोजित होने वाली रथ यात्रा में लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं। परंतु यह केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि ऐसा स्थान है जहां विज्ञान के सारे नियम भी निरुत्तर हो जाते हैं।









**शिखर पर लगा झंडा**–इस मंदिर के शिखर पर लहराता झंडा हमेशा हवा के विपरीत दिशा में रहता है। ऐसा क्यों होता है आज तक कोई नहीं जान सका। यह झंडा प्रतिदिन बदला जाता है और यह सेवा किसी न किसी सेवायत द्वारा बिना किसी सुरक्षा उपकरण के मंदिर की ऊंचाई तक चढ़कर पूरी की जाती है।

**हवा का रुख है उलटा**–सामान्यतः समुद्र तट पर दिन में हवा जमीन की तरफ आती है और शाम को समुद्र की ओर लौट जाती है। लेकिन पुरी में यह नियम उलट है– हवा दिन में समुद्र की ओर और रात को मंदिर की ओर बहती है।

**चक्र हमेशा दिखता है सीधा**–मंदिर के ऊपर स्थित सुदर्शन चक्र, जो लगभग 20 फीट व्यास का है, चाहे आप किसी भी दिशा से इसे देखें, यह सदैव आपको सामने सीधा ही नजर आता है। यह इतनी सटीकता से स्थापित किया गया है कि इसकी बनावट और दृष्टिकोण विज्ञान को भी सोचने पर मजबूर कर देती है।

**खाना पकने की बात करती है हैरान**–मंदिर में प्रसाद बनाने के लिए सात बर्तन एक दूसरे पर रखे जाते हैं। आश्चर्य की बात है कि सबसे ऊपर रखा बर्तन सबसे पहले पकता है, जबकि नीचे की आंच उसे सबसे बाद में छूती है। यह विधि आज भी वैसी की वैसी जारी है।

**नहीं उड़ता है कोई विमान और पक्षी** –जगन्नाथ मंदिर की यह बात आपको आश्चर्य में डाल देगी कि मंदिर की गुम्बद के ऊपर से न तो कभी कोई विमान गुजरता है और न ही इसके ऊपर कोई पक्षी बैठता या उड़ता हुआ नजर आता है। यह अब तक रहस्य ही बना हुआ है।

**नहीं सुनाई देती है लहरों की आवाज** – मंदिर के सिंह द्वार से प्रवेश करने पर समुद्र की लहरों की आवाज पूरी तरह शांत हो जाती है। लेकिन जैसे ही आप मंदिर से एक कदम बाहर निकलते हैं, लहरों की तेज आवाज स्पष्ट रूप से सुनाई देती है। इसे मंदिर की वास्तुकला का चमत्कार माना जाता है।

इन सभी चमत्कारों और रहस्यों के कारण जगन्नाथ पुरी धाम केवल एक तीर्थस्थल नहीं, बल्कि एक दिव्य अनुभव है, जहाँ आस्था और अद्भुतता दोनों अपने चरम पर दिखाई देती हैं।

## जानें रथों से जुड़े रोचक रहस्य

जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरूआत इस वर्ष 2025 में 27 जून से हो रही है। यह भव्य यात्रा पुरी के जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर गुंडिचा मंदिर तक जाती है। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ साल में एक बार अपनी बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ अपनी मौसी के घर गुंडिचा मंदिर जाते हैं, जिसे रथ यात्रा के रूप में मनाया जाता है। यह यात्रा केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि महीनों की तैयारियों का परिणाम होती है। रथों के निर्माण में विशेष प्रकार के कारीगरों की टीम वर्षों से पारंपरिक तरीके से काम करती है। इस यात्रा के लिए तीन विशाल रथ बनाए जाते हैं, भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के लिए जिनका निर्माण खास किस्म की लकड़ियों और परंपरागत तकनीकों से किया जाता है।



**इस रथ यात्रा के दौरान तीन भव्य रथ निकाले जाते हैं:**

**तालध्वज रथ: भगवान बलभद्र का रथ**

**दर्पदलन रथ: देवी सुभद्रा का रथ**

**नंदीघोष रथ: भगवान जगन्नाथ का रथ**

इन रथों का निर्माण एक पवित्र और परंपरागत प्रक्रिया है, जो किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं बल्कि सात पारंपरिक समुदायों के सहयोग से किया जाता है। इस कार्य की शुरूआत हर साल अक्षय तृतीया के दिन होती है, जब सबसे पहले लकड़ी की कटाई का शुभारंभ किया जाता है। रथों के निर्माण की यह पूरी प्रक्रिया महीनों तक चलती है और इसमें बारीकी व शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है।

newsnextindia1@gmail.com
NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया



# श्रुति हासन का एक्स अकाउंट हैक



तमिल सुपरस्टार कमल हासन की बेटी और एक्ट्रेस श्रुति हासन हैकिंग की शिकार हो गई है। श्रुति हासन का एक्स (पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) अकाउंट हैक हो गया है। श्रुति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये इसकी पुष्टि की है। बता दें, श्रुति हासन के एक्स अकाउंट पर कई क्रिप्टिक तरीके के पोस्ट किए गए हैं। ये सभी पोस्ट निवेश करने या मेमेकॉइन में निवेश करना सीखने से संबंधित थे, जो कि क्रिप्टोकरेंसी का एक रूप है। यह जानकारी मिलते ही श्रुति हासन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल के स्टोरीज सेक्शन में एक अलर्ट पोस्ट किया है। एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट में लिखा है, हाय लवलीज़, मैं आपको बताना चाहती हूं कि मेरा ट्विटर अकाउंट हैक कर लिया गया है। यह मैं पोस्ट नहीं कर रही हूं। इसलिए, जब तक मैं वापस नहीं आ जाती, प्लीज उस पेज से कॉन्टैक्ट न करें। यह पहली बार नहीं है जब कुली एक्ट्रेस श्रुति हासन का अकाउंट हैक किया गया है। 2017 में भी उनके अकाउंट को हैक किया गया था। तब भी उन्होंने पोस्ट करने अपने फैंस को अगाह किया था। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा था, किसी ने मेरा अकाउंट हैक कर लिया है। प्लीज कृपया अजीब ट्वीट और अनुरोधों को अनदेखा करें। उन्होंने उन सभी से माफी भी मांगी, जिन्हें कोई गलत मैसेज मिला था। उनके कई फैंस इस मामले पर हैरानी जताते हुए इस बात पर यकीन नहीं कर पा रहे हैं कि उनका अकाउंट फिर से हैक हो गया है। बता दें, श्रुति के एक्स अकाउंट के हैक होने की खबर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीत निर्देशक डी इम्मान के अकाउंट के हैक होने के ठीक एक हफ्ते बाद आई है। संगीत निर्देशक इम्मान के अकाउंट के हैक होने से पहले एक्ट्रेस और निर्माता खुशबू का अकाउंट हैक हो गया था। एक्ट्रेस ने बाद में अकाउंट को पुनः प्राप्त करने में कामयाबी हासिल की। श्रुति ने हाल ही में अपने स्टार पिता कमल हासन की नई फिल्म ठग लाइफ के गाने विनवेली नायगा के लाइव परफॉर्मेंस से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा था। कमल के सामने उनके दमदार प्रदर्शन ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। एक्ट्रेस के आगामी प्रोजेक्ट के बारे में बात करें तो श्रुति को थलपति विजय की जन नायगन में एक भूमिका निभाने की उम्मीद है, और वह प्रशांत नील की सलार पार्ट 2 में भी वापसी करने के लिए तैयार हैं ।

# दादा राजकपूर की पुरानी फिल्म के लुक में नजर आये रणबीर

रणबीर कपूर अपने दादा और बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार राजकपूर से बहुत इंस्पायर रहे हैं। हाल ही में एक वायरल वीडियो में रणबीर नजर आए, जिसमें अपने दादा की एक चर्चित फिल्म के लुक में दिखे। राजकपूर का वो आइकॉनिक लुक आज तक दर्शकों को याद है। रणबीर कपूर को इस लुक में देखकर यूजर्स ने भी रिएक्ट किया।बॉलीवुड के कपूर खानदान में एक से बढ़कर एक उम्दा कलाकार हुए हैं। पृथ्वीराज कपूर और राजकपूर ने अभिनय में अमिट छाप छोड़ी है। राजकपूर को तो बॉलीवुड का शो मैन कहा जाता है। हाल ही में इस परिवार के सदस्य और एक्टर रणबीर कपूर अपने दादा राजकपूर की फिल्म 'श्री 420' के एक लुक में दिखे। सोशल मीडिया पर यह वीडियो काफी वायरल हो रहा है। रणबीर के इस



लुक को देखकर यूजर्स ने मिक्स रिएक्शन दिए हैं।सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें रणबीर कपूर एक वैनिटी वैन से बाहर आते हैं। वैनिटी से बाहर आने के बाद वह फिल्म 'श्री 420' के लुक में दिखते हैं। वह जिसमें सिर पर टोपी, काला कोट और छोटी लंबाई वाली पैंट पहने दिखते हैं। यह लुक राजकपूर ने फिल्म 'श्री 420' के गाने 'मेरा जूता है जापानी' में अपनाया था। यह लुक काफी पॉपुलर हुआ। दादा जी के इस लुक में रणबीर क्यों नजर आ रहे हैं, इसका खुलासा नहीं हुआ। रणबीर को इस लुक में देखकर पैपराजी जरूर, 'आवारा रणबीर' चिल्लाते नजर आए। सोशल मीडिया पर जब यूजर्स ने रणबीर कपूर का यह वायरल वीडियो देखा तो अलग-अलग तरह के रिएक्शन दिए। जो फैंस थे, उन्होंने पॉजिटिव रेस्पॉन्स दिया। रणबीर कपूर के लुक को सराहा। वहीं कुछ यूजर्स को लगा कि वह राज कपूर की बराबरी कभी नहीं कर सकते हैं। इस तरह के मिक्स रिएक्शन यूजर्स ने रणबीर कपूर के लुक को लेकर दिए हैं।

# राशि खन्ना ने शेयर की बीटीएस तस्वीरें



एक्ट्रेस राशि खन्ना सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अक्सर बेहतरीन पोस्ट करती रहती हैं। लेटेस्ट पोस्ट में उन्होंने पर्दे के पीछे की झलक दिखाई। राशि ने बीटीएस झलक के साथ बताया कि कहानियां अभी बन रही हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए शॉर्ट वीडियोज और तस्वीरों के साथ राशि खन्ना ने कैप्शन में लिखा, अलग-अलग फिल्में, अलग-अलग भाषाएं, अलग-अलग जिंदगियां। कहानियां अभी भी बन रही हैं। राशि ने बीटीएस तस्वीरों के साथ आगे लिखा, बीटीएस डंप। यह वह पल हैं, जब आपको मैं दिखती हूं, कोई किरदार नहीं। बॉलीवुड के साथ ही साउथ फिल्म इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक फिल्में देने वाली एक्ट्रेस ने हाल ही में इंडस्ट्री में 11 साल पूरे कर लिए है, साल 2013 में जॉन अब्राहम के साथ फिल्म मद्रास कैफे से करियर की शुरूआत करने वाली राशि ने इस खास मौके पर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर फैंस का आभार जताया और खास अंदाज में कहा कि पिक्चर अभी बाकी है।

# पहले मैच में हार के बाद शार्दुल को बाहर करने की मांग

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में मिली हार के बाद तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को बाहर करने की



मांग उठ रही है। शार्दुल पहले टेस्ट मैच में गेंद और बल्ले से कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके थे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर का कहना है कि लीड्स टेस्ट में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आया और इसमें मजबूती लाने के लिए शार्दुल की जगह कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को प्लेइंग-11 में शामिल करना चाहिए।

बेन डकेट के शतक और जैक क्रावली तथा जो रूट के अर्धशतकों की मदद से इंग्लैंड ने भारत को पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन पांच विकेट से हराया। इंग्लैंड ने इस तरह पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली थी। भारतीय टीम पहली पारी में बढ़त लेने के बावजूद इस मैच को जीत नहीं सकी। भारत ने इंग्लैंड के सामने 371 रनों का लक्ष्य रखा था। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 373 रन बनाकर जीत हासिल की। भारत की हार का सबसे बड़ा कारण दूसरी पारी में गेंदबाजों का लचर प्रदर्शन रहा। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने हेडिंग्ले में पहली पारी में पांच विकेट चटकाए, लेकिन अन्य भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं दे पाए।

# दूसरे टेस्ट में श्रीलंका ने दिखाया दम

## पहले दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश का स्कोर 220/8

**कोलंबो।** श्रीलंका ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बांग्लादेश के आठ विकेट 220 रन पर गिरा दिए। स्टंप्स के समय तैजुल इस्लाम 9 और इबादत हुसैन 5 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। श्रीलंका के लिए डेब्यू कर रहे स्पिनर सोनल दिनुशा, तेज गेंदबाज विश्व फर्नांडो तथा असिथा फर्नांडो के दो-दो विकेट लिए। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांटो ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन टीम की शुरूआत खराब रही।

सलामी बल्लेबाज अनामुल हक जीवनदान का फायदा उठाने में विफल रहे और बिना खाता खोले तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो का शिकार बन गए। इस समय टीम का स्कोर महज पांच रन था। मोमिनुल हक (21) और शदमन इस्लाम ने इसके बाद 38 रन की साझेदारी की लेकिन श्रीलंका के कप्तान धनंजय डिसिल्वा ने मोमिनुल को चलता किया। लंच के समय बांग्लादेश ने दो विकेट पर 71 रन बना लिए थे। दिन के दूसरे सत्र में विश्व ने पहले मैच की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले कप्तान शांटो को महज



आठ रन पर आउट कर श्रीलंका को बड़ी सफलता दिलाई। ऑफ स्पिनर थारिंडु रत्नायके ने इसके बाद शदमन की 41 रन की पारी को डिसिल्वा के हाथों कैच कराकर खत्म किया जिससे बांग्लादेश का स्कोर चार विकेट पर 76 रन हो गया। 24 साल के ऑलराउंजर दिनुशा को संन्यास लेने वाले अनुभवी ऑलराउंडर एंजोलो मैथ्यूज की जगह टीम में जगह मिली है। उन्होंने नौ ओवर में 22 रन देकर दो विकेट लिए। बारिश के खलल के कारण दिन में 71 ओवर का ही खेल हो पाया।

# पंत के दो शतक के बारे में पूछने पर भड़के गंभीर

## व्यक्तिगत उपलब्धियों की तारीफ करने से किया इनकार



### भारत के गेंदबाजी आक्रमण पर गंभीर का बयान

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में हार के दौरान भारत की गेंदबाजी आक्रमण में अनुभव की कमी दिखी। हालांकि, मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि टीम के अधिकतर तेज गेंदबाज अभी अपने करियर की शुरूआत कर रहे हैं और उन्हें कुछ और समय देने की जरूरत है। इंग्लैंड की पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावशाली नहीं दिखा और मेजबान टीम ने मंगलवार को मैच के पांचवें और अंतिम दिन 371 रन का लक्ष्य बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर की तेज गेंदबाजी तिकड़ी की लाइन और लेंथ में निरंतरता का अभाव दिखा। कोच गंभीर ने कहा, 'हमें उन्हें समय देना होगा। पहले हमारी टीम में चार तेज गेंदबाज होते थे, जिन्हें 40 से अधिक टेस्ट मैचों का अनुभव था।

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में पहले टेस्ट में मिली हार के बाद व्यक्तिगत उपलब्धियों की तारीफ करने के मूड में नहीं दिखे। जब उनसे टेस्ट में सकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जो सबसे अहम नतीजा होता है वह टीम हासिल नहीं कर सकी। फिर उनसे जब ऋषभ पंत के दो शतक के बारे में पूछा गया तो वह भड़क गए और कहा- तीन और शतक बने थे। ये सब सकारात्मक बातें हैं। शुक्रिया। गंभीर ने कहा, 'उनके करियर के अभी शुरूआती दिन हैं। अगर हम प्रत्येक टेस्ट मैच के बाद अपने गेंदबाजों का मूल्यांकन करना शुरू कर देंगे, तो हम अच्छा गेंदबाजी आक्रमण कैसे तैयार कर पाएंगे। बुमराह और सिराज के अलावा हमारे पास तेज गेंदबाजी में उतना अनुभव नहीं है, लेकिन अन्य में क्वालिटी है और यही वजह है कि वे इस भारतीय टीम में हैं।'

### 'अगर आप यह कहते तो अच्छा लगता...'

गंभीर ने कहा, 'अगर आप कहते कि यशस्वी जायसवाल ने शतक जमाया और शुभमन गिल ने बतौर कप्तान डेब्यू में शतक जड़ा तो मुझे अच्छा लगता। केएल राहुल ने भी शतक लगाया और ऋषभ ने दो शतक लगाए। एक टेस्ट में पांच शतक बड़ी बात है। यह सवाल बेहतर हो सकता था।' कोच ने कहा कि अगर टीम हारती है तो व्यक्तिगत उपलब्धियां मायने नहीं रखतीं।

### 'व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छी बात है...'

उन्होंने कहा, 'ये सब सकारात्मक पहलु हैं। जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए, लेकिन आखिर में सब कुछ इसी पर आता है कि हम मैच जीत नहीं सके। व्यक्तिगत प्रदर्शन अच्छी बात है। हमें शीर्ष छह से बड़ी पारियां चाहिए थीं, लेकिन आखिर में तो हम टेस्ट मैच जीत नहीं सके। अब इससे सबक लेकर आगे बढ़ेंगे।'

# क्रिकेट टूर्नामेंट से निखरेगी प्रतिभाएं

**फतेहपुर सीकरी (एनएनआई)।** कराही में आयोजित बिल्ड फॉर सक्सेस प्रीमियर लीग 2 टूर्नामेंट के दौरान बुधवार को चार माचो का आयोजन किया गया। जिनमें सीकरी किंग, वाटर वर्क्स, नगला रमले और नगला अरूआ ने अपनी प्रतिद्वंद्वी टीमों को हराकर जीत हासिल की। पहला मुकाबला पाली और सीकरी किंग के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाली की टीम ने 10 विकेट खोकर मात्र 56 रन बनाए। जवाब में सीकरी किंग की टीम ने



जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 7.1 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।प्लेयर ऑफ द मैच नितिन को चुना गया। दूसरा मुकाबला मुकाबला वाटर वर्क्स और नगला प्रताप महलपुरा के बीच हुआ। वाटर वर्क्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 84 रन (7 विकेट पर) का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नगला प्रताप महलपुरा की टीम महज 50 रन पर ही ढेर हो गई। प्लेयर ऑफ द मैच मोहित उपाध्याय को चुना गया। तीसरा मैच पूरी तरह से नगला रमले की टीम के नाम रहा। विमल पंडित नगर की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए केवल 37 रन (8 ओवर) ही बना सकी। जवाब में नगला रमले की टीम ने सिर्फ 2 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर लिया। प्लेयर ऑफ द मैच गौरव करदम को चुना गया। चौथा मुकाबला मदनपुरा और नगला अरूआ के बीच हुआ। मैच में मदनपुरा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 79 रन बनाए। लेकिन नगला अरूआ की टीम ने जबरदस्त अंदाज में खेलते हुए 7.2 ओवर में ही लक्ष्य को पा लिया। प्लेयर ऑफ द मैच जुघद्रा को चुना गया। टूर्नामेंट आयोजक विश्वेन्द्र शर्मा सरपंच ने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं में कोई कमी नहीं है। हर खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से यह बता रहा है कि आने वाला भविष्य इनके नाम है। हम ऐसे मंचों के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने का मौका देते रहेंगे।

# गुरुवार, 26 जून राशिफल

मेष राशि के लोगों के लिए आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। आपको कोई आनंददायक सूचना मिल सकती है। आपको आज पद और मान सम्मान मिलने का भी योग बना हुआ है। भाइयों के साथ आज आपके संबंध बेहतर और मधुर बनेंगे।

वृषभ राशि के लोगों के लिए आज गुरुवार का दिन लाभदायक और सुखद रहेगा। आपका प्रभाव और सम्मान बढेगा। विरोधी आपकी प्रगति से मन ही मन जलते रहेगे। आपको आज शत्रुओं से सतर्क रहना चाहिए। खर्च तो बना रहेगा लेकिन सुख साधन भी आप आज पाएंगे।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन अनुकूल परिणाम लेकर आने वाला है। आप कुछ अनोखा प्रयास करेंगे जो आपके लिए लाभकारी होंगे। अगर आज किसी गरीब व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले तो जरूर करें इससे आपको भविष्य में आपको फायदा मिलेगा।

कर्क राशि के लोगों के लिए आज का दिन मानसिक उलझन वाला रहेगा। आपके सितारे कहते हैं कि, आपको आज दिखावा करने से बचना चाहिए। आपने पहले किसी से पैसा उधार लिया था तो आप उसे चुकाने में सफल रहेंगे। आपकी आय में वृद्धि होगी।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज गुरुवार का दिन गुरु और चंद्रमा की युति से शुभ और अनुकूल रहने वाला है। आपको आज मित्रों और संबंधियों से पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आप अपनी व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी लाएंगे और आपको आज कुछ नया काम करने का भी मौका मिलेगा।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। कुछ दीर्घकालिक योजनाओं को शुरू कर सकते हैं। शासन सत्ता का पूरा लाभ आपको मिलता नजर आ रहा है। आपको आज नौकरी में अधिकारियों से सपोर्ट मिलेगा। आप आज वैवाहिक जीवन में जीवनसाथी से सपोर्ट पाएंगे।

तुला राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, भाग्य की दृष्टि से आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थियों को शिक्षा में आ रही परेशानियों से राहत मिलेगी। आपको अपनी बुद्धि और अनुभव का फायदा मिलेगा। आपको एक से अधिक स्रोतों से लाभ प्राप्त हो सकता है।

वृश्चिक राशि वालों के लिए आज गुरुवार का दिन प्रेम और सामंजस्य से परिपूर्ण रहेगा। आपको अपने करीबियों का सहयोग मिलेगा। परिवार मे लोग आपकी बातों को सुनेंगे और मानेगे भी। आपकी कोई चाहत पूरी होगी। बिजनेस मे आज आपको लाभ मिलेगा।

धनु राशि के लोगों के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा और आपके मान सम्मान में भी आज वृद्धि होगी। आपको कार्यक्षेत्र में कोई महत्वपूर्ण काम मिल सकता है। आप टीम वर्क से काम करेंगे और उसे समय पर पूरा कर पाने में सफल भी रहेगे।

मकर राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, दिन आपका आज खुशनुमा रहने वाला है। आपको अपनी मेहनत के अनुसार लाभ मिलेगा। जो लोग नौकरी की तलाश मे है उनको आज सकारात्मक खबर मिल सकती है। आपको आज किसी की बातों पर भरोसा कर-के को भी आर्थिक फैसला लेने से बचना चाहिए, नहीं तो परेशानी हो सकती है।

कुंभ राशि वालों के लिए आज का दिन अच्छा है। आप आज तकनीकी अनुभव और ज्ञान का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कुछ आधुनिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। शोध कार्य से जुड़े जातकों के लिए आज का दिन विशेष रूप से लाभदायक होगा।

मीन राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज भावुकता मे आकर कोई भी काम करने से बचना होगा। भाइयों से आपको आज सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक मामलों में आज का दिन आपके पक्ष में रहेगा और आपकी कमाई में आज वृद्धि होगी।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# शहर में हरिनाम संकीर्तन की गूंज, श्रीजगन्नाथ रथयात्रा कल

एनएनआई



आगरा। संजय प्लेस में भक्ति रस से सराबोर माहौल देखने को मिला जब इस्कॉन मंदिर के भक्तों ने संकीर्तन यात्रा निकालकर 27 जून को आयोजित होने वाली श्रीजगन्नाथ रथयात्रा के लिए लोगों को आमंत्रित किया। सिर पर श्रीहरि के विग्रह, हाथों में मंजीरा और ढोलक की ताल पर झूमते भक्तों ने 'हरि बोल' के जयकारों के साथ पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।

आमंत्रण यात्रा का शुभारंभ संजय प्लेस के आजाद पेट्रोल पंप से हुआ। इस्कॉन कमला नगर के अध्यक्ष अरविंद स्वरूप के निर्देशन में निकली संकीर्तन यात्रा जैसे ही आगे बढ़ी, राह चलते लोग भी हरिनाम कीर्तन में शामिल हो गए। इस दौरान भगवान श्रीहरि को प्रसाद के रूप में खिचड़ी अर्पित की गई और भक्तों को वितरित की गई। अरविंद स्वरूप ने बताया कि इस बार की रथयात्रा विशेष होगी, जिसमें यूक्रेन, रूस, ऑस्ट्रेलिया सहित देश-विदेश से भक्त शामिल होंगे। 27 जून को रथ बल्केश्वर महालक्ष्मी मंदिर से दोपहर 3 बजे रवाना होकर कमला नगर इस्कॉन मंदिर पहुंचेगा, जिसे भक्त रस्सी से खींचते हुए ले जाएंगे। 26 जून को 'नयम दर्शन उत्सव' के तहत भगवान जगन्नाथ 15 दिन के विश्राम के बाद सुभद्रा व बलराम के साथ भक्तों को शाम 4 बजे से दर्शन देंगे। मंदिर में फूल बंगला और छप्पन भोग का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर नितेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, नवीन सिंघल, प्रदीप यादव, विपिन अग्रवाल सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

## कमलानगर जैन मंदिर में आचार्यश्री चैत्यसागर का भव्य मंगल प्रवेश

### समस्त जैन समाज ने किया पाद प्रक्षालन, होगा दो दिवसीय प्रवास

एनएनआई



आगरा। दिगम्बर जैन समाज के आचार्यश्री चैत्यसागर महाराज ससंघ एवं क्षुल्लकश्री ध्यानसागर महाराज ने मंगलवार सुबह कमलानगर स्थित महावीर दिगम्बर जैन मंदिर (डी ब्लॉक) में मंगल प्रवेश किया। बेलनगंज जैन मंदिर से विहार करते हुए आचार्यसंघ जैसे ही कमलानगर पहुंचे, जैन समाज ने भव्य स्वागत किया। जयकारों के साथ पाद प्रक्षालन कर आचार्यश्री को मंदिर में प्रवेश कराया गया। मंदिर में प्रवेश के पश्चात आचार्यश्री ने भगवान महावीर के दर्शन कर शीश नवाया। भक्तों ने उनके सानिध्य में प्रभु का नित्य महाअभिषेक और शांतिधारा की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने श्रीफल अर्पित कर गुरुभक्ति व्यक्त की। अपने संबोधन में आचार्यश्री ने ज्ञान, धर्म और संयम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को आत्मिक उत्थान का मार्ग बताया। मीडिया प्रभारी शुभम जैन ने बताया कि आचार्यसंघ दो दिवसीय प्रवास पर हैं। 26 जून को स्वाध्याय और धर्म कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जैन अनुयायी लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर प्रदीप जैन पीएनसी, जगदीश प्रसाद जैन, मनोज जैन बाकलीवाल, दिलीप जैन, पारसबाबू जैन, नरेश जैन, यशपाल जैन, अनिल जैन, शुभम जैन सहित बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।

## श्रद्धा और प्रकाश से आलोकित हुई ज्योति कलश यात्रा

### शास्त्रीपुरम से मानस नगर तक दीपयज्ञ व श्रद्धा का उत्सव



आगरा (एनएनआई)। जिला आगरा में ज्योति कलश रथ यात्रा के 18वें दिवस पर श्रद्धा और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। यात्रा ने शास्त्रीपुरम, पश्चिमपुरी, शाहगंज क्षेत्र के विशालकुंज, दहतोरा, वंशी विहार, निहारिका कॉलोनी, पुनीत विहार, मारुति रेजीडेंसी आदि क्षेत्रों में भव्य स्वागत के साथ भ्रमण किया। यात्रा का समापन मानस नगर स्थित गायत्री मंदिर में दीपयज्ञ के साथ हुआ, जहां एसके कौशल एवं पुष्पा कौशल द्वारा आयोजन की व्यवस्था की गई। ज्योति कलश का पूजन रामसिंह कुम्हावत, नवीन पांडेय, राकेश जिंदल, भारत सिंह सहित कई श्रद्धालुओं ने किया। रथ यात्रा में उपजोन समन्वयक सुरेश यादव, जिला समन्वयक सुरेश चन्द्र सक्सेना, जिला युवा संयोजक गिरधर गोपाल सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर आध्यात्मिक वातावरण को जीवंत कर दिया।

## केपी हॉस्पीटल में लगी 'नशा मुक्ति' की कार्यशाला

एनएनआई




आगरा। केपी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पीटल (इंस्टीटियूट ऑफ मेडिकल साईसेस), ने ब्रह्माकुमारीज प्रभु मिलन ईदगाह के संयुक्त तत्वाधान में 'अंतर्राष्ट्रीय ड्रग एब्यूज दिवस के उपलक्ष्य में प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्माकुमारीज की क्षेत्रीय सचिव बीके अश्विना दीदी, बीके आशु एवं ब्रह्माकुमारीज मीडिया जोनल कोऑर्डिनेटर बीके अमर एवं केपी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पीटल के डायरेक्टर अक्षत अग्रवाल, मेडिकल सुपरिंटेंडेन्ट डा. अरून कुलश्रेष्ठ, सी.ई.ओ. कुनाल सिंघल, ऑपरेशनल हेड शादाब आलम, नर्सिंग सुपरिंटेंडेन्ट मैरी अज्जू, ऑडिटर भावना गुलाटी ने किया। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज के कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में आये मरीजो और उनके साथ आये तीमारदारों को नशे की लत में पडे युवाओ को अपनी जिंदगी बर्बाद न करने की सलाह दी साथ ही नशे से मुक्ति की सलाह दी। ब्रह्माकुमारीज की क्षेत्रीय सचिव बी के अश्विना दीदी ने कहा कि बिना मानसिक सशक्तिकरण के हम सहज भाव से बुराईयों को नहीं त्याग सकते। बीके आशु बहन ने मेडिटेशन का व्यवहारिक अनुभव कराया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज मीडिया जोनल कोऑर्डिनेटर बीके अमर भाई ने उपस्थित जन समूह के अनेक प्रश्नों के उत्तर और शंकाओं का समुचित समाधान किया। केपी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पीटल के मेडिकल सुपरिंटेंडेन्ट डा० अरून कुलश्रेष्ठ ने इस प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की।